राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in





# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14

अंक : 231

पृष्ठ : 08

गौतमबुद्धनगर

बुधवार 16 जूलाई 2025

मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 नोएडा चिल्ला एलिवेटेड डिजाइन आईआईटी दिल्ली से अप्रूव

पेज 4 वाराणसी में सीबीआई ने 5 रिश्वतखोर अफसर कर्मचारी पकड़े

पेज 6 शेफाली की टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी, इंग्लैंड

## स्पेस स्टेशन में 18 दिन रहकर लौटे शुभांशु

### स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग कैलिफोर्निया के तट पर हुई, पहली बार कोई भारतीय आईएसएस गया था

**कैलिफोर्निया।** शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट स्पेस स्टेशन में 18 दिन रहने के बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। करीब 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की आज यानी 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई।

इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं। चारों एस्ट्रोनॉट एक दिन पहले यानी सोमवार की शाम 4: 45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे।

सभी एस्ट्रोनॉट 26 जून को भारतीय समयानुसार शाम 4: 01 बजे आईएसएस पहुंचे थे। एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे ये रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से



जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। शुभांशु की वापसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का उनकी ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा से पृथ्वी पर वापसी के लिए स्वागत करता हूं। शुभांशु ने अपने समर्पण, साहस से अरबों सपनों को प्रेरित किया है। यह हमारे अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन- गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है। शुभांशु 17 अगस्त तक भारत लौट सकते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को लैंडिंग के बाद मेडिकल जांच और रिहैबिलिटेशन के लिए आमतौर पर सात दिन लगते हैं, ताकि वे पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में फिर से ढल सकें। इसके बाद ही शुभांशु भारत लौटेंगे।

### मानसून की बारिश



जयपुर में मानसून की बारिश के बाद रेलवे स्टेशन मेट्रो स्टेशन के पास सड़क का एक हिस्सा धंस गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हैदराबाद में 10 साल से बंद घर में मिला कंकाल

**हैदराबाद।** हैदराबाद के नामपल्ली इलाके में सालों से बंद पड़े एक घर में कंकाल मिला। कंकाल को देखकर लग रहा था कि यह व्यक्ति पेट के बल गिरा और फिर उठ नहीं सका। पास में कुछ बर्तन और नोकिया मोबाइल पड़ा था। इसकी बैटरी खत्म हो चुकी थी। कंकाल किसका था, यह बात इसी नोकिया फोन से पता चल सकी। जिसे सुधरवाने के बाद पुलिस को कॉन्टैक्ट डीटेल्स मिले। यह पूरी घटना 14 जुलाई की है। जब मोहल्ले का एक लड़का क्रिकेट बॉल लेने उस घर में घुसा। बाद में यह बात पुलिस को बताई गई। जांच में पता चला है कि यह घर मुनीर खान नाम के शख्स का था, जिसके 10 बच्चों में से तीसरा बेटा अमीर इस घर में अकेला रहता था।

### गोल्डन टेंपल को फिर बम से उड़ाने की धमकी

**अमृतसर।** पंजाब में गोल्डन टेंपल को लगातार दूसरे दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ये धमकी ई-मेल पर मिली है। आरोपी ने दावा किया है कि पाइपों में आरडीएक्स भर दिया गया है, जिससे गोल्डन टेंपल के अंदर धमाके किए जाएंगे। हालांकि, सुरक्षा कारणों से न तो मेल और ना ही उसमें लिखे गए शब्दों को सार्वजनिक किया गया है। जांच के लिए डॉग और बम स्क्वायड पहुंचा। वहीं, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और अमृतसर पुलिस भी अलर्ट हो गई है। बीएसएफ और पुलिस कमांडो तैनात किए गए हैं। हर आने-जाने वाले पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## ओडिशा सेक्शुअल हैरेसमेंट केस : छात्रा की हुई मौत

### यूजीसी ने 4 सदस्यों की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर में फकीर मोहन ऑटोनॉमस कॉलेज में खुद को आग लगाने वाली 20 साल की स्टूडेंट ने सोमवार देर रात दम तोड़ दिया। छात्रा 95 फीसदी झुलस चुकी थी और पिछले 3 दिनों से भुवनेश्वर के एम्स में जिंदगी की जंग लड़ रही थी।

इधर, यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन यूजीसी ने 4 सदस्यों की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई है। जो घटना के कारणों की जांच करेगी। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपाय बताएगी। छात्रा की मौत के बाद लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा- मोदी जी, ओडिशा हो या मणिपुर - देश की बेटियां जल रही हैं, दम तोड़ रही हैं। और आप? खामोश बने बैठे हैं। देश को आपकी चुप्पी नहीं, जवाब चाहिए।

राहुल के इस बयान को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओछी राजनीति करार दिया। प्रधान ने पोस्ट किया कि ओडिशा की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है, लेकिन कांग्रेस ने इसे भी अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का मौका बना लिया है।

### बेंगलुरु में 2 लेक्चर्स पर छात्रा से गैंगरेप का आरोप

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक प्राइवेट कॉलेज के दो लेक्चर और उसके दोस्त को एक छात्रा के साथ गैंगरेप के मामले में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। बेंगलुरु पुलिस ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के बाद फिजिक्स लेक्चरार नरेंद्र, बायोलॉजी लेक्चरार संदीप और उसके दोस्त अनूप के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस में दर्ज शिकायत के मुताबिक, नरेंद्र ने छात्रा को नोट्स देने के बहाने बेंगलुरु बुलाया और अपने दोस्त अनूप के घर ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद संदीप ने नरेंद्र के साथ पीड़िता की वीडियो क्लिप बनाया है। इसके बाद पीड़ित को ब्लैकमेल किया। कई दिनों तक दुष्कर्म किया। तीसरा आरोपी अनूप भी छात्रा को उसके कमरे में आने की सीसीटीवी फुटेज होने का दावा करके धमकाता था। आखिर में परेशान होकर छात्रा ने अपने माता-पिता को आपबीती सुनाई, जिसके बाद महिला आयोग की मदद से मराठाहल्ली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

### उत्तराखंड में 150 मीटर गहरी खाई में गिरी जीप, 13 लोग सवार थे

## बच्ची समेत 8 लोगो की मौत



**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड में मंगलवार शाम पिथौरागढ़ जिले में एक मैक्स जीप बेकाबू होकर 150 मीटर गहरी नदी में गिर गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक स्कूली बच्ची समेत 4 महिलाएं हैं। जबकि 5 घायल हुए हैं।

हादसा सोनी पुल के पास हुआ। जीप मुवानी से बकटा जा रही थी। जिसमें 13 लोग सवार थे। सूचना पाकर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ, पुलिस और अन्य रेस्क्यू टीमों ने घायलों को नदी से बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल भिजवाया।

मृतक बोकटा क्षेत्र के निवासी हैं। घायलों में तीन की हालत गंभीर है। सभी का मुवानी पीएचसी में इलाज चल रहा है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

#### गाड़ी के बेकाबू होने से हादसा हुआ

स्थानीय लोगों ने बताया, जीप शाम करीब 4 बजे यात्रियों को लेकर मुवानी से बकटा जा रही थी। जीप बकटा से थोड़ी ही दूर पर थी। तभी ड्राइवर संतुलन खो बैठा और जीप खाई में पलटते हुए नदी में जा गिरी। गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। नदी में घायलों और मृतकों का ढेर लग गया।

फौरन पुलिस को सूचना दी। पुलिस एम्बुलेंस और राहत बचाव दल को लेकर मौके पर पहुंची। रेस्क्यू टीम ने मौके से 8 लाशें निकाली हैं। जबकि 5 लोग घायल हैं।

पुलिस घायलों से बात कर घटना की जानकारी ले रही है। मृतकों के पास से मिले दस्तावेजों से उनकी पहचान की जा रही है।

#### एनडीआरएफ और एसडीआरएफ मौके पर पहुंची

कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने बताया, आज शाम करीब 4 बजे हादसे की सूचना मिली। घटना वाली जगह पर फौरन एसडीआरएफ और एनडीआरएफ को भेजा गया। इसके अलावा एआरटीओ और जिला प्रशासन की टीम भी मौके पर मौजूद रही। हादसा किन कारणों से हुआ है। इसका पता अभी नहीं चल पाया है। फिलहाल सभी घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है।

पिथौरागढ़ की एसएसपी रेखा यादव ने बताया, गाड़ी मुवानी से बोकटा की तरफ जा रहा थी कि अचानक नियंत्रण बिगड़ गया। इससे गाड़ी नदी में जा गिरी। इस घटना में मौके पर ही 8 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 3 लोगों की हालत अभी गंभीर है।

## मणिपुर में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद जब्त

### सेना-पुलिस का 5 जिलों में सर्च ऑपरेशन; एक हफ्ते में 10 उग्रवादी भी पकड़े गए

इंफाल। मणिपुर में सेना और पुलिस ने मंगवार सुबह जॉइंट ऑपरेशन में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद जब्त किए। ये ऑपरेशन इंफाल ईस्ट, इंफाल वेस्ट, थौबल, काकचिंग और विष्णुपुर में चलाया गया। सुरक्षाबलों की राज्य में पिछले एक हफ्ते से सर्चिंग जारी है। इससे पहले 7 जुलाई से 14 जुलाई तक चलाए गए ऑपरेशन में 10 उग्रवादियों को पकड़ा गया था। ये सर्चिंग पांच



जिलों में की गई थी। इस दौरान सेना ने 35 हथियार, 11 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस , ग्रेनेड और गोला-बारूद भी बरामद किया। राज्य में हथियारों की बरामदगी का यह एक महीने में दूसरा बड़ा मामला है।

इससे पहले 15 जून को 328 हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए थे। इनमें सेल्फ लोडिंग राइफल्स और इंसास जैसी राइफलें शामिल थीं।

### कांगड़ा में नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

**देहरा।** कांगड़ा जिले में आज एक नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई है। इस फैक्ट्री से देश भर में नकली दवाई की सप्लाई की जाती थी, जिसमें से सबसे पंजाब में जाती थी। मामले में देहरा पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र संसारपुर टेरेस में स्थित क्यूरेक्स फार्मा पर रेड की। यह कार्रवाई एक दवा कंपनी की शिकायत पर की गई। कंपनी ने कामराज कैप्सूल के कॉपीराइट उल्लंघन का आरोप लगाया था।

## जम्मू में मिनी बस खाई में गिरी, 5 की मौत



### 17 गंभीर रूप से घायल, 22 लोग सवार थे; सड़क पर फिसलन की वजह से हादसा हुआ

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक मिनी बस के खाई में गिर गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं।

हादसे की जगह से चार शव बरामद किए गए थे, जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

जिले के चीफ मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि मौतों का आंकड़ा और बढ़ सकता है। कई घायलों की हालत गंभीर है।

हादसा मंगलवार को डोडा-बराथ रोड पर पोंडा इलाके हुआ। मिनी बस के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरने की खबर है। बस में 21 लोग सवार थे। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

## महिला ने शराबी पति की हत्या की, घर में दफनाया

एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में पति की हत्या करने वाली महिला ने पुलिस थाने में सरेंडर किया।

झगड़े के बाद महिला ने अपने शराबी पति की हत्या की थी और शव घर में ही दफन कर दिया था। युवक के भाई ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जालुकबाड़ी थाना पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला ने 13 जून को थाने में सरेंडर किया था। उसने पति की हत्या की बात कबूल की थी। उसकी निशानदेही पर पांडु इलाके स्थित घर में दफन उसके पति का शव बरामद किया गया।

आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि 26 जून की रात पति नशे में घर आया। उससे झगड़ा किया। गुस्से में मैंने पति की हत्या कर दी। घर में ही 5 फीट का गड्ढा खोदा और शव दफन कर दिया था।

पुलिस का कहना हमें और भी लोगों के इस हत्याकांड में शामिल होने का शक है। मामले की जांच जारी है। महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### पत्नी के सामने बेटी को नहर में फेंका

**नाडियाद।** गुजरात में खेड़ा जिले से एक पिता की क्रूरता का मामला सामने आया है। यहां एक पिता ने बेटे की सनक में अपनी 7 साल की बेटी की हत्या कर दी। पिता ने पत्नी की आंखों के सामने ही बड़ी बेटी को नर्मदा कैनाल में फेंक दिया। इसके बाद पत्नी को धमकी दी कि किसी को बताने पर वह उसे तलाक दे देगा। मां अंजनाबेन ने बताया कि 10 जुलाई को पति विजय हम लोगों को दीपेश्वरी माता के दर्शन के लिए मंदिर लेकर गया था। यह उसकी साजिश का ही हिस्सा था। माता के मंदिर से लौटते वक्त विजय ने बेटियों को मछली दिखाने की बात कहकर नर्मदा कैनाल किनारे बाइक रोक दी। इसके बाद पत्नी के सामने ही 7 साल की बड़ी बेटी भूमिका को गोद में उठाकर कैनाल में फेंक दिया।

### हैप्पी मॉर्निंग




पति-पत्नी की लड़ाई हो गई दिनभर चुपचाप रहने के बाद पत्नी, पति के पास आकर बोली- इस तरह झगड़ा करने बाद अच्छा नहीं लग रहा। एक काम करते हैं, थोड़ा तुम समझौता करो, थोड़ा मैं करती हूं। पति- ठीक है, क्या करना है? पत्नी- तुम मुझसे माफी मांग लो और मैं आपको माफ कर देती



### शायरी

दोष दूसरों ढूँढता, घृणित सोच शैतान।
जो गल्ती से सीख ले, वही सफल इंसान।।

### अर्थसार



संसेक्स:
82,570.91
+317.45 (0.39%)
निफ्टी:
25,195.80
+113.50

### मौसम



अधिकतम : 33 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 5 : 35
सूर्यास्त बुधवार : 7 : 29

### राजस्थान में बाढ़ का कहर

## भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, 22 लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के कई क्षेत्रों में भारी वर्षा के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। तीन जिलों में बाढ़ ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है, जबकि एक दर्जन जिलों में वर्षा के कारण जनहानि हुई है।

पिछले 24 घंटों में आकाशीय बिजली गिरने व डूबने से 22 लोगों की मौत हुई है। इनमें से मंगलवार को चार लोगों की जान गई। पाली और कोटा के स्कूलों में आगामी आदेश तक अवकाश घोषित किया गया है। कोटा की चंबल नदी और पाली में भारी वर्षा के बीच पानी के तेज बहाव से मगरमच्छ सड़क पर आ गए हैं। कई वाहनों के बाढ़ में बहने की भी सूचना है। स्थिति को संभालने के लिए कोटा बैराज के 12 गेट खोलकर दो लाख तीन हजार क्यूसेक पानी की निकासी की गई है। उधर, सोमवार को चंबल में बहे छह लोगों में से तीन के शव मंगलवार को बरामद कर लिए गए। बूंदी में मेज नदी के ओवरफ्लो होने से कई गांवों का मुख्यालय से संपर्क कट गया है। यहां ग्रामीण बाइक उठाकर नदी पार कर रहे हैं। चूरू के सुजानगढ़ में बाढ़ से हालात गंभीर बने हुए हैं।

जयपुर जिले में हल्की वर्षा का दौर जारी है, जिससे निचले इलाकों में पानी भर गया है। जोधपुर में तेज बारिश के कारण रेलवे स्टेशन पर पानी भर गया है, जिससे इस मंडल की पांच ट्रेनों के मार्ग बदलने और चार ट्रेनों के रद होने की सूचना है।

### आरटीआई

### हवा में और टेकऑफ के दौरान शटडाउन, 17 महीने में 11 मेडे कॉल

## आरटीआई में खुलासा : भारत में 5 साल में 65 फ्लाइट्स के इंजन बंद

नई दिल्ली। भारत में पिछले पांच साल में 65 फ्लाइट्स में उड़ान के दौरान हवा में या टेकऑफ करते समय इंजन बंद (शटडाउन) हुए। इससे पता चलता है कि हर महीने कम से कम एक विमान का इंजन बंद हुआ। हालांकि, सभी मामलों में पायलट एक ही इंजन से विमान को नजदीकी एयरपोर्ट तक पहुंचाने में सफल रहे।

न्यूज एजेंसी को ये जानकारी डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन से सूचना के अधिकार के तहत मिली है। दरअसल, अहमदाबाद हादसे की शुरुआती जांच रिपोर्ट से पता चला था कि विमान के दोनों इंजन बंद होने की वजह से हादसा हुआ था।



वहीं, आरटीआई रिपोर्ट से यह भी पता चला कि 1 जनवरी, 2024 से 31 मई, 2025 के बीच 17 महीनों में 11 फ्लाइट्स से मेडे कॉल आईं। इनमें तकनीकी गड़बड़ी की सूचना देकर इमरजेंसी लैंडिंग की मांग की गई। इनमें से चार फ्लाइट्स ने हैदराबाद में लैंडिंग की।

आरटीआई रिपोर्ट में 12 जून दुर्घटनाग्रस्त हुआ बोइंग ड्रीमलाइनर और 19 जून को इंडिगो की गुवाहाटी-चेन्नई फ्लाइट शामिल नहीं है। फ्यूल कम होने की वजह से इंडिगो फ्लाइट डायवर्ट कर दी गई थी।

#### फ्रेंच शब्द से लिया 'मेडे'

'मेडे' शब्द फ्रेंच शब्द 'm'aider' से लिया गया है। इसका मतलब है मुझे बचाओ। MAYDAY कॉल आमतौर पर रेडियो के माध्यम से एटीसी या आसपास के अन्य विमानों को भेजा जाता है। इस सिग्नल का उपयोग तुरंत मदद मांगने के लिए किया जाता है, ताकि इमरजेंसी से निपटा जा सके।

#### डीजीसीए का आदेश- सभी बोइंग विमानों के फ्यूल स्विच जांचें

भारत में रजिस्टर्ड सभी बोइंग विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच होगी। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने एयरलाइंस को 14 जुलाई को आदेश जारी किया। इसमें कहा गया कि जांच 21 जुलाई तक पूरी कर ली जाए। डीजीसीए ने बोइंग के सभी एयरलाइन ऑपरेटरों को सलाह दी है कि वे जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट सौंपें। यह फैसला अहमदाबाद प्लेन क्रैश की शुरुआती जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद लिया गया है।

# संपादकीय

## बदलाव के दौर में विपरीत दिशा की ओर बढ़ रहा समाज

आधुनिक युग में समाज तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रहा है। तकनीकी प्रगति, वैश्वीकरण और सूचना क्रांति ने मानव जीवन को अभूतपूर्व गति और सुविधा प्रदान की है। लेकिन इस प्रगति के साथ-साथ, समाज का एक बड़ा हिस्सा विपरीत दिशा में बढ़ता दिखाई दे रहा है। यह विरोधाभास न केवल सामाजिक मूल्यों और नैतिकता में गिरावट के रूप में सामने आ रहा है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक एकता को भी प्रभावित कर रहा है।

जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### तकनीकी प्रगति और सामाजिक दूरी

तकनीकी विकास ने हमें एक-दूसरे से जोड़ने का वादा किया था, लेकिन वास्तव में यह सामाजिक दूरी को बढ़ा रहा है। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया के युग में लोग वास्तविक रिश्तों से अधिक डिजिटल दुनिया में समय बिता रहे हैं। परिवार के सदस्य एक ही छत के नीचे रहते हुए भी एक-दूसरे से बात करने के बजाय अपने फोन में खोए रहते हैं। यह विडंबना है कि जिस तकनीक को सामाजिक एकता का साधन माना गया, वही अब अकेलेपन और अवसाद का कारण बन रही है।

### नैतिकता का ह्रास

आधुनिक समाज में नैतिकता और मूल्यों का ह्रास चिंताजनक है। भौतिकवादी दृष्टिकोण ने लोगों को स्वार्थी और आत्मकेंद्रित बना दिया है। धन और सफलता की अंधी दौड़ में, लोग अपने परिवार, दोस्तों और समुदाय के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भूल रहे हैं। भ्रष्टाचार, बेईमानी और अनैतिक व्यवहार सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर रहे हैं। पहले जहाँ समाज में आपसी विश्वास और सहयोग की भावना प्रबल थी, वहीं आज संदेह और प्रतिस्पर्धा ने उसका स्थान ले लिया है।

### पर्यावरणीय उपेक्षा

बदलाव के इस दौर में पर्यावरण के प्रति समाज की उदासीनता भी विपरीत दिशा में कदम उठाने का प्रतीक है। औद्योगीकरण और शहरीकरण ने प्रकृति का दोहन किया है, जिसके परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों की कमी जैसी समस्याएँ सामने आई हैं। लोग अल्पकालिक लाभ के लिए पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रहे हैं, जिसका दीर्घकालिक प्रभाव आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा।

### सामाजिक असमानता

वैश्वीकरण ने आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया है, लेकिन इसने सामाजिक असमानता को भी गहरा किया है। अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसरों की असमान वितरण ने समाज को और अधिक विभाजित कर दिया है। यह असमानता सामाजिक तनाव और अशांति को जन्म दे रही है, जो समाज के लिए एक गंभीर खतरा है।

### उपसंहार

समाज को इस विपरीत दिशा से वापस लाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से हमें नैतिकता और सामाजिक मूल्यों को पुनर्जनन करना होगा। तकनीक का उपयोग सकारात्मक दिशा में किया जाना चाहिए, ताकि यह समाज को जोड़े, न कि अलग करे। पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समानता के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। यदि हम समय रहते नहीं चेते, तो यह बदलाव का दौर समाज के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकता है। समाज को सही दिशा में ले जाने के लिए हमें एकजुट होकर मानवीयता, नैतिकता और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा।

## स्वास्थ्य बनाम स्वाद: समोसा और जलेबी से सावधान!

-ललित गर्ग-



भारत जैसे विविधताओं वाले देश में जहां हर नुक्कड़ पर समोसे की महक और जलेबी की मिठास लोगों को आकर्षित करती है, वहीं यह स्वादिष्ट व्यंजन अब स्वास्थ्य के लिए खतरे की घंटी बनते जा रहे हैं। हमारी परंपराओं और खानपान में गहराई से जुड़े समोसा, कचोरी और जलेबी जैसे तली-भुनी और अत्यधिक मीठी चीजें अब मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का प्रमुख कारण बन गई हैं। इन्हीं कारणों से देशभर में एक जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए जनजागृति अभियान शुरु हुआ है। तले हुए व्यंजनों के उपभोग को कम करने की दिशा में किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय एवं बढ़ती स्वास्थ्य चिन्ताओं को देखते हुए क्रांति का शंखनाद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया अभियान के तहत तेल और चीनी का उपभोग कम करने का आह्वान किया था। केन्द्र सरकार की सक्रियता से जैसे सिगरेट के पैकेट पर स्वास्थ्य चेतावनी होती है, ठीक वैसी ही चेतावनी इन तैलीय और मीठे खाद्य पदार्थों के बारे में जारी होगी। बड़े पैमाने पर इस बात का प्रचार रेडियो एवं अन्य टीवी चैनलों के माध्यमों से किया जा रहा है कि तैलीय या जरूरत से ज्यादा मीठे खाद्य पदार्थों के उपभोग से दूर रहा जाए।

मोटापे एवं अन्य असाध्य बीमारियों की गंभीर स्थिति से जुड़े चौंकाने वाले तथ्य चिन्ताजनक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चीनी और ट्रांस वसा को मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग के मुख्य कारणों में गिनते हैं। भारत में हर 5 में से 1 व्यक्ति मोटापे का शिकार है, और इसके पीछे मुख्य कारण अत्यधिक तला-भुना भोजन है। दुनिया में मोटापे के मामले में भारत दूसरे नम्बर पर है। डब्लूएचओ के अनुसार, भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 2045 तक 13.4 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो दुनिया में सबसे अधिक होगी। बच्चों में बढ़ती मोटापे की दर का एक बड़ा कारण स्कूलों के आसपास मिलने वाले समोसा, कचोरी, बर्गर जैसी चीजें हैं। समोसा और कचोरी जैसी चीजों को बार-बार एक ही तेल में तला जाता है, जिससे उसमें ट्रांस फैट और कैंसरकारी तत्व (ऐक्रिलामाइड) पनपने लगते हैं। ये हृदय की धमनियों को सख्त कर देते हैं और कोलेस्ट्रॉल बढ़ाते हैं। जलेबी को चीनी के गाढ़े सिरप-चासनी में डुबोया जाता है, जिससे शरीर में तुरंत ग्लूकोज की मात्रा बढ़ती है। यह स्थिति इंसुलिन रेजिस्टेंस, टाइप-2 डायबिटीज और फैटी लिवर जैसी बीमारियों को न्योता देती है। समोसा और कचोरी में मैदा का अत्यधिक उपयोग होता है, जो पाचन को धीमा करता है। इससे गैस, कब्ज, अम्लपित्त और मोटापा जैसे विकार उत्पन्न होते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समय-समय पर देशवासियों को न केवल सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए प्रेरित किया है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का भी आह्वान किया है। हाल ही में उन्होंने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए देशवासियों से खाद्य पदार्थों में तेल की मात्रा कम करने और मोटापे जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचने की अपील की है। मोदी ने इस बढ़ती स्वास्थ्य समस्या पर चिंतन करते हुए कहा हमें अपने खान-पान में बदलाव करना होगा। कम तेल, कम नमक और कम चीनी-यही स्वास्थ्य की कुंजी है।' मोदी का आह्वान -तेल कम करें, जीवन स्वस्थ बनाएं है। क्योंकि अति तेल में तंदुरुस्ती नहीं, बीमारी का प्रवेश द्वार है। ध्यान रहे, देश में मोटापा बढ़ रहा है और इसके खिलाफ जागरूकता भी बढ़ रही है। यह भी कहा गया है कि लोग अपने भोजन में तेल को कम करके विकसित भारत बनाने में सहायक हो सकते हैं। इसी कड़ी में समोसे, जलेबी और स्वास्थ्य के लिए घातक व्यंजनों को अगर आधिकारिक रूप से निशाने पर लिया गया है, तो अचरज की बात नहीं, बल्कि वक्त की बड़ी जरूरत है।

भारत में रसोई का अभिन्न हिस्सा है तेल। परंतु आज जिस प्रकार से हर व्यंजन में अत्यधिक तेल का प्रयोग बढ़ता जा रहा है, इससे मोटापा भारत की बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन गयी है, उसने अन्य अनेक बीमारियों को प्रोत्साहन देते हुए स्वास्थ्य संकट को जन्म दे दिया है। तले-भुने खाद्य पदार्थ जैसे समोसा, कचोरी, पकौड़ी, पूड़ी, जलेबी, फास्ट फूड, आदि मोटापा, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारियों का कारण बनते जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य संस्थानों को कैफेटेरिया और सार्वजनिक स्थानों पर साफ तौर पर 'तेल और चीनी के चेतावनी बोर्ड' लगाने का निर्देश दिया गया है। ये सूचनात्मक पोस्टर खासे लोकप्रिय खाद्य पदार्थों में वसा और चीनी की मात्रा को उजागर करेंगे। तले हुए और चीनी से भरपूर खाद्य पदार्थों को हतोत्साहित करने का समय आ गया है। इसकी शुरुआत अस्पतालों में चल रहे लापरवाह रेस्तरां से होनी चाहिए। तमाम रेस्तरां और मिष्ठान भंडारों पर इस चेतावनी को लटकाना आवश्यक है। ऐसा नहीं है कि लोग समोसा या जलेबी खाना छोड़ देंगे, पर उनमें सजगता आएगी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बिमल छाजेड़ पिछले तीन दशकों से 'जीरो ऑयल' की खानपान पद्धति के माध्यम से हृदय रोगियों का प्रभावी इलाज कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली के सूत्र प्रस्तुत करते हुए जनता से आह्वान किया है कि तेल का सीमित उपयोग करते हुए पकवानों को तलने के बजाय भूनें, उबालें या भाप में पकाएं। शारीरिक गतिविधि बढ़ाने के लिये रोज़ाना योग, प्राणायाम, टहलना या व्यायाम करें। घर में जंक फूड बंद करें, बच्चों को ताजे फल, सूखे मेवे, अंकुरित अनाज दें। रोगों से नहीं, आदतों से लड़ें।

खानपान में नियंत्रण सबसे बड़ा उपचार है। अत: बचाव के उपाय जरूरी हैं। पिछले दिनों, हर व्यक्ति से अपने भोजन में तेल की खपत को दस प्रतिशत तक कम करने की अपील की गई है। कुछ लोग अवश्य सुधार की ओर बढ़े होंगे और अब जब समोसे, जलेबी जैसे खाद्य पदार्थों पर चेतावनी रहेगी, तो खानपान में सुधार की गति को और बल मिलेगा। मोदीजी के नेतृत्व में शुरू हुआ 'फिट इंडिया मूवमेंट' सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का संदेश है। यह देश को बीमारियों के बोझ से मुक्त करने की दिशा में उठाया गया क्रांतिकारी कदम है। इस आंदोलन में लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि स्वस्थ व्यक्ति ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करता है।

फिट इंडिया अभियान में ज्यादा ईमानदारी की जरूरत है और साथ ही, शुद्ध भोजन के लिए जिम्मेदार सरकारी महकमों को ईमानदारी से ज्यादा सचेत एवं सावधान होना पड़ेगा। आज अनेक प्रकार के विदेशी व्यंजन भी बाजारों में उपलब्ध हैं, इनमें से ज्यादातर व्यंजनों में मैदा, तेल, कृत्रिम रंग और रसायन का खतरनाक उपयोग हो रहा है। ऐसा कतई नहीं लगना चाहिए कि केवल भारतीय व्यंजनों को निशाना बनाया जा रहा है। दूसरी अहम बात, खाने और बनाने वालों, दोनों को जागना होगा। अनेक हलवाइयों की दुकानों पर एक ही तेल का बार-बार प्रयोग, खराब या गलत सामग्रियों का इस्तेमाल तत्काल रुकना चाहिए।

आज ज़रूरत है कि हम सिर्फ स्वाद के गुलाम न बनें, बल्कि अपने शरीर की सुनें। एक जिम्मेदार समाज वही है जो अगली पीढ़ी को स्वाद के नाम पर बीमारियां नहीं, स्वस्थ आदतें सौंपे। एक ऐसी पीढ़ी तैयार हो रही है, जो स्वाद के पीछे स्वास्थ्य को त्याग रही है। यह चेतावनी नहीं, चेतना का संदेश है कि यदि अब भी नहीं सुधरे, तो आने वाली पीढ़ियाँ बीमारियों से जूझती रहेंगी। तो आइए, हम सब मिलकर संकल्प लें कि तेल कम करेंगे, चलना बढ़ाएंगे, जीवन को लंबा और स्वस्थ बनाएंगे!


विशेषत: व्यापारियों, रेस्टोरेंट मालिकों एवं हलवाइयों के लिये सरकार को कड़े प्रावधान बनाने होंगे। पैसा कमाने के चक्कर में देश के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को खुला नहीं छोड़ना चाहिए। जब दूध और पनीर की गारंटी न हो, तब हमें सोचना पड़ेगा कि केवल चेतावनी से सुधार नहीं आने वाला। गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाले महकमों और अधिकारियों को युद्ध स्तर पर सक्रिय होना पड़ेगा, तभी हम फिट इंडिया के ख्वाब को साकार कर पाएंगे।

## स्वास्थ्य उपचार में जगी नई उम्मीदें

कार्यक्षेत्र के आधार पर अपेक्ष्य अनूठी क्षमताओं तथा विशेषताओं को संज्ञान में रखते हुए विशिष्ट अनुप्रयोगों तथा उद्योगों के लिए तैयार 'ड्रोन' अपनी बहु-उपयोगिता के चलते विविध क्षेत्रों में ख़ासी लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। दरअसल, ड्रोन तकनीक को उद्योग जगत में सर्वाधिक मान्यता इसकी विविधता के कारण मिली है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, संचार नेटवर्क तथा कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकियों में प्रगति के कारण ड्रोन उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है। हालांकि, शुरुआती दौर में इसका उपयोग सीमा नियंत्रण, टोही मिशन तथा लक्ष्य ट्रैकिंग आदि के मद्देनज़र बहुधा सैन्य क्षेत्र तक ही सीमित रहा किंतु जैसे ही अन्य क्षेत्रों को इसके व्यापक अनुप्रयोगों के बारे ज्ञात हुआ तो उन्होंने अविलंब ड्रोन तकनीक अपनाना आरम्भ कर दिया। सैन्य निगरानी व हमलों में प्रयुक्त किए जाने वाले रिमोट कंट्रोल अथवा स्वायत्त प्रणालियों द्वारा निर्देशित ड्रोन अब मानव रहित विमान (यूएवी) के तौर पर आधुनिक युद्ध पद्धति में पसंदीदा हथियार बनकर उभर रहे हैं। वहीं कृषि, मीडिया, फ़िल्म निर्माण उद्योग जैसे अन्य अनेक क्षेत्रों में भी इनका वर्चस्व बराबर बढ़ा है। कृषि क्षेत्र में ड्रोन का महत्व देखें तो महज़ 15 मिनट में ये लगभग 2.5 एकड़ भूमि पर कीटनाशकों का छिड़काव करने का सामर्थ्य रखते हैं। इनका उपयोग जहां कृषि गतिविधियों जैसे फ़सल निगरानी, भूमि मानचित्रण, कीट पहचान, कीटनाशक छिड़काव तथा सटीक सिंचाई आदि के लिए किया जाता है, वहीं इसके माध्यम से किसान अपने मवेशियों पर भी निरंतर नज़र बनाए रख सकते हैं। थर्मल सेंसर तकनीक खोये जानवर खोजने से लेकर उन्हें लगी चोट या बीमारी का पता लगाने में मददग़ार बनती है। कृषि बीमा क्षेत्र तक कुशल व भरोसेमंद आंकड़ों के लिए एग्री ड्रोन पर विश्वास जताते हैं। भारतवर्ष में ड्रोन स्टार्टअप का आविष्कार, ड्रोन-प्लांटिंग सिस्टम जहां लागत लगभग 85 प्रतिशत तक घटा देता है, वहीं स्थिरता व दक्षता अपेक्षाकृत बढ़ा देता है। पर्यावरण निगरानी गतिविधियों जैसे- वन्यजीव ट्रैकिंग, वन मानचित्रण, प्रदूषण आकलन तथा जलवायु अनुसंधान में भी ड्रोन का उपयोग तेज़ी से बढ़ा है। बाढ़, भूकंप, जंगल की आग आदि सहित आपदा प्रबंधन परिदृश्यों में भी ड्रोन लाइव फीड प्रदान करने, पीड़ितों का पता लगाने तथा सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संरचनात्मक सुरक्षा बढ़ाने तथा बुनियादी ढांचे की निगरानी करने वाले ड्रोन मैनुअल ज़ोखि़म घटाने में भी सहायक बनते हैं। मीडिया तथा फिल्म निर्माण में गतिशील लाइव इवेंट कवरेज तथा सिनेमाई हवाई दृष्टिकोण प्रदान करने हेतु ड्रोन व्यापक रूप से प्रयुक्त किए जाते हैं। अनेक कंपनियां अपने गोदाम से ग्राहकों के दरवाज़े तक सीधी पहुंच बनाने के उद्देश्य से डिलीवरी ड्रोन विकसित कर रही हैं। हाल ही में ड्रोन की गतिशीलता के दृष्टिगत किया गया पायलट अध्ययन स्वास्थ्य उपचार की दिशा में आशा की एक नई किरण लेकर आया है। आपातकालीन चिकित्सा परिस्थितियों में रक्त एवं रक्त-घटकों का समय रहते उपलब्ध होना किसी उपचाराधीन व्यक्ति के लिए संजीवनी बन सकता है। भारतवर्ष जैसे बड़े देश की विविध क्षेत्रीय भौगोलिक विभिन्नता का जायज़ा लें तो सड़क मार्ग द्वारा समयानुकूल आपूर्ति होने में शंकाएं बनी रहती हैं। उखड़ती सांसों के लिए प्रतिक्षण के महत्व को भांपते हुए वैज्ञानिकों ने दिल्ली तथा एनसीआर के तीन संस्थानों; लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, ग्रेटर नोएडा के गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज तथा जेपी इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने साथ मिलकर एक अध्ययन किया, जिसमें ड्रोन तकनीक का प्रयोग चुनौती के प्रभावी समाधान के रूप में उभर कर सामने आया।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3591




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की ओर जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 3590 का हल



## हंसी के फूव्वारें

बबलू अपने मित्र को पिछले रविवार का हाल बता रहा था. 'छुट्टी के दिन सुबह ही से मैं अपने बगीचे में काम कर रहा था. अचानक वहां मुझे एक सिक्का मिल गया. मैंने उसे उठाकर अपनी जेब में रख लिया और दोबारा काम करने लगा. फिर मुझे एक सिक्का मिला,उसे भी मैंने जेब में डाल लिया और काम शुरू कर दिया. तकरीबन दस बार ऐसा ही हुआ.'

मित्र ने दिलचस्पी से पूछा, 'क्यों, क्या कोई खजाना छिपा हुआ था वहां?'

बबलू ने बताया, 'नहीं यार, मेरी जेब फटी हुई थी.'

□ □ □

'अरे यार, आज सड़क पर इतने सारे पेपर क्यों पड़े हैं?'

'भई, ये नगर निगम के इश्तहार हैं. इनमें आम जनता से अपील की गयी है कि सड़कों पर गंदगी न फैलायें.'


□ □ □

एक स्त्री अपने पति को झिड़ककर बोली,'हाय-हाय ! मेरी तो किस्मत ही फूट गयी, जो तुमसे विवाह हुआ. मुझे तुमसे अच्छे और ज्यादा अक्लमंद वर मिल रहे थे.'

पति बोला,'बेशक वे मुझसे ज्यादा अच्छे और अक्लमंद थे. तभी तो तुम्हारे चंगुल में नहीं फंसे.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3591



### बायें से दायें:-

१. शाहरूख, अपूर्व अग्निहोत्री, महिमा की 'किसी रोज तुम से' गीत वाली फिल्म-४
४. 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली धर्मेन्द्र, जीनत अमान की फिल्म-४
६. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मुझे दुनियावलों शरबी' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
११. अजय, सैफ, विवेक, करीना, बिपाशा की 'बीड़ी जलई' गीतवाली फिल्म-४
१३. 'आ ये हसीना रात' गीत वाली जीतेंद्र, आदित्य, एकता की फिल्म-४
१६. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आँखों से दिल में' गीत वाली फराज खान, सुमन रंगनाथन की फिल्म-३
१८. दिलीपकुमार, सायरा की 'सारे शहर में आपसा कोई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रात दुल्हन बनी चाँद दूल्हा बना' गीत वाली जीतेंद्र, बिस्वजीत, माला सिन्हा, मुमताज की फिल्म-३
२३. धर्मेन्द्र, संजीव, शर्मिला की 'जिंदगी है क्या बोलो' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'दिल गम से' गीत वाली विजय, सुरैया की फिल्म जो सुरैया की अंतिम फिल्म थी-२
२६. संजयदत्त, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम दीवानों को' गीत वाली फिल्म-२
२७. आमिर, ममता कुलकर्णी की 'बाजी' में मुख्यमंत्री विश्वासराव चौधरी की भूमिका किसने की थी-२,३
२८. सनी, सुनील शेट्टी, शिल्पा की 'कोई परी आती नहीं' गीत वाली फिल्म-२
२९. फिल्म 'सात रंग के सपने' में अरविंद स्वामी के साथ नायिका कौन थी-२

### ऊपर से नीचे:-

१. अमिताभ, शाहरूख, सुनील, रानी, जूही की फिल्म-३
२. 'दुनिया में ऐसा कहाँ सबका नसीब' गीत वाली फिल्म-३
३. नसीरूद्दीनशाह, पूजा भट्ट की फिल्म-२
४. 'आते जाते हुए मैं सब पे नजर' गीत वाली फिल्म-२
५. इंद्रकुमार, आयशा जुल्का की फिल्म-३
७. आर्यन वैद, सोनाली कुलकर्णी की मकरंद देशपांडे निर्देशित फिल्म-३
८. सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
१०. 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
११. अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
१२. 'लम्हा लम्हा जिंदगी है' गीत वाली फिल्म-४
१३. मोहित अहलावत, निशा की फिल्म-२
१४. 'ये वादा करो चाँद' गीत वाली फिल्म-४
१५. मनोज बाजपेयी, रेखा, करिश्मा की फिल्म-३
१६. 'हम दर्द के मारों का इतना ही' गीत वाली फिल्म-२
२०. धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा की फिल्म-३
२१. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली फिल्म-३
२२. आफताब शिवदासानी, अमीषा पटेल, एशा देओल की फिल्म-४
२३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली फिल्म-३
२४. जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२५. 'इंतहा हो गई इंतजार की' गीत वाली अमिताभ, जया प्रदा की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3590



## सूडोकु -3591


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3590 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

## शब्द पहेली - 3591



### बाएँ से दाएँ

1.दयालु.उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

### ऊपर से नीचे

1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5

शब्द पहेली - 3590 का हल



# नोएडा चिल्ला एलिवेटेड डिजाइन आईआईटी दिल्ली से अप्रूव

## मार्च में शुरू किया गया निर्माण कार्य, दिल्ली–नोएडा के 10 लाख वाहन चालक को फायदा

**नोएडा।** नोएडा एक्सप्रेस वे पर जाम खत्म करने के लिए बन रहे चिल्ला एलिवेटेड रोड के डिजाइन को आईआईटी दिल्ली से मंजूरी मिल गई। करीब तीन महीने पहले निर्माण के लिए चयनित एजेंसी के जरिए अलाइनमेंट के मुताबिक जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग्स के आधार पर काम शुरू कराया गया था।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि डिजाइन को आईआईटी की मंजूरी मिल गई है। अब सेतु निगम स्वीकृत हुई डिजाइन को प्राधिकरण में जमा करेगा। इसके बाद बुनियाद के ऊपर पिलर खड़े करने का काम शुरू होगा।


यह एलिवेटेड रोड 6 लेन का करीब 269 पिलर पर बनाया जाना प्रस्तावित है। एक पिलर में 12 से 22 तक पाइलिंग होती हैं।

एलिवेटेड का निर्माण 892 करोड़ में किया जा रहा है। ये काम तीन साल में पूरा करना होगा।

हालांकि 2019 में भी इसका काम शुरू हुआ था। उस समय सीएम योगी आदित्यनाथ ने योजना की शिलान्यास किया था।

### तीन साल में पूरा करना है काम

निर्माण कंपनी उप्र ब्रिज कार्पोरेशन लिमिटेड ने 17 दिसंबर 2024 को ठेकेदार कंपनी एमजी कंस्ट्रक्शन को कार्य अवॉर्ड किया। ठेकेदार के पास निर्माण पूरा करने के लिए तीन साल का समय होगा। दिल्ली और नोएडा के बीच यातायात भीड़ को कम करने के लिए 2012 में योजना की फिजिबिलिटी तैयार की गई थी। एलिवेटेड 5.9 किमी लंबी बननी है।




### 2019 में सीएम ने रखी थी आधारशिला

2018 में दिल्ली सरकार से मंजूरी मिली। जनवरी 2019 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी आधारशिला रखी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से बजट जारी करने में देरी, गेल गैस पाइपलाइन के पुन-मार्ग और डिजाइन में बदलाव के कारण काम रोक दिया गया। कोविड-19 महामारी ने देरी को और बढ़ा दिया, जिससे परियोजना मार्च 2020 में रुक गई। अब तक केवल 17 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हुआ है। उस समय नोएडा प्राधिकरण द्वारा 79 करोड़ खर्च किए।

### एलिवेटेड से रोजाना 10 लाख को फायदा

ये एलिवेटेड चिल्ला बार्डर से एक्सप्रेस–वे तक जाएगी। ऐसे में चिल्ला बार्डर से लिंक रोड होते हुए एक्सप्रेस वे आने वाले जाम समाप्त हो जाएगा।

ये रोड चिल्ला से पीछे मयूर विहार फ्लाई ओवर से जुड़ेगी। जिससे एक एक्सप्रेस वे पर जाने के लिए एक नया लिंक बन जाएगा। इससे रोजाना करीब 10 लाख लोगों को फायदा होगा।

## नोएडा में ग्राइंडर गे ऐप पर लोगों से करते दोस्ती

# समलैंगिक संबंध बनाने का ऑफर देकर करते लूटपाट, 4 को पुलिस ने पकड़ा

**नोएडा।** ग्राइंडर गे डेटिंग ऐप के जरिए लोगों से धोखाधड़ी करने वाले गैंग के चार लोगों को नोएडा थाना सेक्टर–24 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग ऐप के जरिए लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते थे। इसके बाद चेटिंग करके उनको अपने जाल में फंसाते है। फिर सुनसान इलाके में ले जाकर उनके साथ लूटपाट करते है। इनके पास से कई लोगों का डेटा भी मिला है। इसके अलावा दो बाइक, फर्जी नंबर प्लेट 4 मोबाइल फोन और कैश मिला है।

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि ये लोग पिछले एक साल से सक्रिय है। इनको थाना सेक्टर–24 पुलिस व सर्विलांस टीम की मदद से मदर डेयरी सेक्टर 11 चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान अरबाज, विशाल कुमार, उस्मान और हिमांशु के रूप में हुई है। अब 12 से ज्यादा लोगों को ये अपना शिकार बना चुके है। इनके मोबाइल डेटा के जरिए पीड़ितों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।



### समलैंगिक संबंध का देते थे ऑफर

ये लोग ग्राइंडर गे ऐप पर लड़कों से दोस्ती करते है। इसके बाद उनको समलैंगिक संबंध बनाने का ऑफर देते है। ऑफर एक्सेप्ट होने पर ये लोग व्यक्ति को किसी सुनसान इलाके में बुलाते है। वहां तमंचा और हथियार के बल पर उससे लूटपाट करते है। लूटपाट के जरिए मिलने वाले पैसे ये लोग मौज मस्ती के लिए खर्च करते है। इनके गैंग का लीडर विशाल है। सिर्फ विशाल ही 11वीं तक पढ़ा है।

बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि हम चारों लोग नशा करने के लिये पार्क में मिलते रहते थे।

वही हम लोगों ने इस ऐप के माध्यम से लोगों के साथ धोखाधडी करने की योजना बनाई।

इनके पास बरामद दोनों बाइक का रजिस्ट्रेशन नंबर फर्जी है। कहीं पकडे ना जाये इस डर से फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलते है। यदि मोटरसाइकिल कही छूट जाये तो पकड़े जाने से बचने के लिये इंजन नंबर व चेसिस नंबर तक मिटा दिया है।

## एनएच–9 पर डिवाइडर से टकराई बाइक, एक युवक की मौत

**नोएडा।** एनएच–09 पर मेरठ से दिल्ली की ओर जाने वाले फास्टेस्ट लेन में एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई। बाइक पर तीन युवक सवार थे। ये लोग मेरठ से दिल्ली की तरफ जा रहे थे। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो की स्थिति बेहद गंभीर है। इन दोनों को गाजियाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। बैलेंस बिगड़ने से बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इसी से यह हादसा हुआ। थाना सेक्टर–58 पुलिस ने बताया कि बाइक एक्सप्रेसवे की फास्टेस्ट लेन में चल रही थी। अचानक लेन छोड़कर दूसरी लेन में आने के चलते डिस्बैंलेंस हो गया और बाइक डिवाइडर से टकरा गई। घटना के बाद एक वीडियो भी सामने आया है। तीनों में जीवन ज्योति जैना पुत्र सोना मनी निवासी छतरपुर साउथ की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले युवक की उम्र करीब 24 साल थी। युवक का शव नोएडा के मोर्चरी में रखवाया गया है।

# नोएडा में पीएमओ के डिप्टी सेक्रेट्री ने सुनी समस्या

### नोएडा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, रेरा, बिल्डर और बायर्स के साथ अलग–अलग की बैठक

**नोएडा।** नोएडा में बिल्डर बायर्स समस्या सबसे बड़ा मुद्दा है। यहां से कई शिकायत पीएमओ तक पहुंच रही है। ये समस्या क्यों हो रही है और इनका समाधान क्या हो सकता है। रेरा में रजिस्ट्रेशन के बिल्डर को कहां दिक्कत है।

बायर्स को समय पर फ्लैट क्यो नहीं मिल रहे या रजिस्ट्री क्यो नहीं हो रही। इस तरह की सभी समस्याओं को देखने के बाद मंगलवार को पीएमओ के डिप्टी सेक्रेटरी मंगेश घिल्डियाल नोएडा प्राधिकरण पहुंचे।

यहां उन्होंने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव व नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी के साथ बैठक की।

इस बैठक में रेरा के रिकवरी ऑफिसर के अलावा अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए। इसके बाद बिल्डर और बायर्स के साथ अलग से बैठक की गई। करीब दो से ढाई घंटे बैठक के बाद उन्होंने बारी–बारी से सभी इन समस्याओं को किस तरह से समाप्त किया जाए इसके लिए सुझाव मांगे। सभी ने अपनी समस्या और उससे जुड़े सुझाव दिए।

बैठक में नोएडा से बिल्डरों में प्रतीक, गुलशन, आरजी के अलावा ऐस शामिल हुए। वहीं ग्रेटर नोएडा के कुछ बायर्स भी बैठक में रहे। इस दौरान नोट्स बनाए गए, जिन्हें डिप्टी सेक्रेटरी अपने साथ ले गए। बता दें नोएडा, ग्रेटर नोएडा में अमिताभ कांत की सिफारिश के बाद भी रजिस्ट्री की संख्या कम है।

साथ ही हजारों की संख्या में बायर्स ऐसे हैं जिनको फ्लैट पर कब्जा नहीं मिल सका है। यही लोग लगातार पीएमओ में मेल और पत्राचार के जरिए अपनी शिकायत रख रहे हैं। इसी के तहत मंगलवार को ये बैठक की गई। बैठक के बाद के नतीजों पर सभी की निगाह लगी हुई है।

# नोएडा प्राधिकरण ने 39 लोगों को अवैध निर्माण का नोटिस

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने सलारपुर खादर गांव के 24 खसरा पर निर्मित और निर्माणाधीन इमारतों पर अवैध निर्माण का नोटिस चस्पा किया। एक सप्ताह में इन अवैध निर्माण को हटाने का निर्देश भी दिया। साथ ही करीब 39 लोगों को नामजद करते हुए नोटिस दिए गए।

### इन खसरा नंबर पर अवैध निर्माण

प्राधिकरण ने बताया कि सलारपुर खादर पुलिस चौकी के पीछे खसरा संख्या 723, 724 नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित व खसरा संख्या 727, 728, 729, 730, 731, 732, 733, 734, 735, 736, 737, 738, 739, 745, 746, 747, 748, 749, 750, 751, 752 व 753 प्राधिकरण की अधिसूचित व अर्जित भूमि है। यहां पर अवैध निर्माण किया गया है।

### इमारतों पर चस्पा किया गए नोटिस

प्राधिकरण की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी किए गए। साथ ही पुलिस बल की सहायता से मौके पर जाकर अवैध रूप से निर्मित बिल्डिंगों पर नोटिस चस्पा कराए गए।

इस दौरान प्राधिकरण की ओर से की जा रही कार्यवाही के विरोध में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए।

# नोएडा में प्रेमी की पिटाई से प्रेमिका की मौत

## 14 जुलाई को हुआ था झगड़ा, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**नोएडा।** फेज–तीन थाना क्षेत्र के मामूरा गांव में रहने वाली पांच बच्चों की मां की सोमवार शाम प्रेमी ने पिटाई कर दी। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज के लिए उसकी मौत हो गई। दोनों के बीच तीन साल बाद अलग होने को लेकर विवाद हो गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करते हुए आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया।

### पति प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है

पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से जिला बदायूं के गांव हथनी गुड़ निवासी सतीश एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं।

वह पत्नी नीरज और पांच बच्चों के साथ मामूरा गांव स्थित एक घर में किराए पर रहते हैं। नीरज पिछले तीन सालों से पड़ोस में रहने वाले जिला शाहजहांपुर के गांव साहपुर निवासी अर्जुन से प्रेम करती थी। अर्जुन सेक्टर–59 स्थित एक प्राइवेट कंपनी में हाउस कीपिंग का काम करता है। पति सतीश को दोनों के बीच सिर्फ बातचीत करने की जानकारी थी।

### मारपीट के दौरान हो गई बेहोश

सोमवार शाम करीब छह बजे नीरज पड़ोस में रहने वाले अर्जुन के कमरे में मिलने गई थी। यहां दोनों के बीच अलग होने को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद अर्जुन ने नीरज के साथ मारपीट की। इसी दौरान नीरज बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। अर्जुन के हाथ–पांव फूल गए। वह नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां से कैलाश अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में कोई सुधार न होता देख महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### परिजन बोले– गला दबाकर की हत्या

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही प्रेमी अर्जुन को हिरासत में ले लिया। परिजन का आरोप है कि अर्जुन ने नीरज की गला दबाकर हत्या की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा। सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पति सतीश की शिकायत पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# नोएडा में अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले 12 गिरफ्तार

## नोएडा में अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले 12 गिरफ्तार

नोएडा। फिशिंग मेल और गिफ्ट कार्ड बाउचर का लालच देकर अमेरिकी नागरिकों से ठगी करने वाले एक कॉल सेंटर पकड़ा गया। नोएडा की एक्सप्रेस वे पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया।

इसमें 10 पुरुष और दो महिलाएं शामिल है। ये कॉलसेंटर एक रिहाइशी इमारत के 17वें फ्लोर पर चल रहा था। करीब तीन महीने से एक्टिव था। 150 से ज्यादा लोगों से ठगी कर चुके है। इनके बैंक अकाउंट, वॉलेट को फ्रीज किया जा रहा है। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि ये लोग ये लोग गूगल ऐप से डेटा खरीदते है। इसके बाद डेटा के अनुसार विदेशी नागरिकों को फिशिंग मेल करते है। ये मेल बल्क में किए जाते है। जिसमें अमुक व्यक्ति को गिफ्ट वाउचर जीतने का लालच दिया जाता है। इसके अलावा लोन लेने और कई प्रकार के ऑफर देते है। यदि उस व्यक्ति को जरूरत है तो वो रिवर्ट मेल में एस या दिए गए नंबर पर फोन करता है। जिसके बाद प्रोसेसिंग के नाम पर लोन कराने के लिए 300 डॉलर तक की डिमांड होती है।



ये पैसा एप्पल ई–बाई, वालमार्ट गिफ्ट कार्ड के जरिए लेते है। बार कोड मिलने पर जब तक वो करेंसी में नहीं बदल जाता तब तक अमुक से संपर्क में रहते है। इसके बाद संपर्क तोड़ देते है।

यदि किसी के पास पैसा नहीं होता तो ये एक फर्जी चेक भेजते है और वह व्यक्ति उस चेक का फोटो लेकर अपने अकाउंट में लगा देता है। यदि बैंक उसको पैसा पे करता है तो पेमेंट उसके अकाउंट में आ जाता है। जिस पैसे को ये लोग गिफ्ट कार्ड के जरिए लेते है। ये लोग अक्सर उनको लोन देने के नाम पर टेलीग्राम व स्काईप ऐप के जरिए ही बातचीत करते है। पकड़े गए लोगों में अधिकांश नार्थ ईस्ट के है। जिनकी बोलचाल अमेरिकी भाषा से काफी मिलती है। ऐसे में अमेरिकी नागरिक आसानी से इनकी बातों में आ जाते है।

## बिजली विभाग के एक्सईएन, एसडीओ, जेई पर मुकदमा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। अच्छेजा बुजुर्ग गांव में 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन की चपेट में आने से 7 वर्षीय बच्चे को अपने दोनों हाथ गंवाने पड़े हैं। पीड़ित बच्चे के पिता एडवोकेट नौशाद अली ने बताया कि घटना 22 मई की है। उनका बेटा तैमूर घर की छत पर खेल रहा था। वहां से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिवार ने तुरंत उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाज के दौरान बच्चे के शरीर में गंभीर इन्फेक्शन हो गया। डॉक्टरों को उसके दोनों हाथ कोहनी से आगे से काटने पड़े। नौशाद अली का आरोप है कि उन्होंने इस खतरनाक बिजली लाइन को हटाने के लिए कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने दनकौर बिजली सबस्टेशन के जेई, एसडीओ और एक्सईन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# नोएडा में फ्रीज खातों को डीफ्रिज करने वाले दो गिरफ्तार

### पेटीएम पेमेंट बैंक के दो कर्मी गिरफ्तार, 100 खातों से रिलीज किए थे 29 लाख

**नोएडा।** साइबर ठगी की रकम आने के कारण पुलिस द्वारा फ्रीज कराए गए खातों को डीफ्रिज करने वाले पेटीएम पेमेंट बैंक के दो कर्मचारियों को साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पद व कंपनी की शर्तों का दुरूपयोग करते हुए विभिन्न जांच एजेंसियों द्वारा फ्रीज कराए गए पेटीएम पेमेंट बैंक के खातों को आरोपी डीफ्रिज कर रहे थे। आरोपियों ने अब तक सौ से अधिक खातों को डी फ्रिज किया है।

एसीपी साइबर विवेक रंजन राय ने बताया कि आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के जबलपुर निवासी चंद्रेश राठौर और मऊ निवासी तारिक अनवर के रूप में हुई है। दोनों बीकॉम पास हैं और कंपनी में कंप्यूटर एक्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत थे। इनको तेजा नाम का एक व्यक्ति गाइड करता है कि कौन से खाते को डीफ्रिज करना है।



फ्रीज खातों को डीफ्रिज करने से एक आरोपी को कुछ दिन पहले 30 हजार जबकि दूसरे को 29 हजार रुपए मिले थे। तेजा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

### बीते साल दर्ज कराया था मुकदमा

बीते साल 30 अगस्त को एक व्यक्ति ने ठगी के संबंध में केस दर्ज कराया था। घटनाक्रम के अनुसार पेटीएम पेमेंट बैंक कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा शिकायतकर्ता के बैंक खातों में फ्रीज पड़ी धनराशि को बिना किसी न्यायालय की अनुमति और आदेश के ठगी की नीयत से अनुचित लाभ लेकर डीफ्रिज कर 29 लाख 97 हजार 59 रुपए की धोखाधड़ी करने का प्रयास किया गया।

## शार्ट न्यूज

### ऑनलाइन गांजा सप्लाई करने वाले 6 छात्र पकड़े

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की इकोटेक–3 पुलिस ने ऑनलाइन गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 6 छात्रों को गिरफ्तार किया है। इन सभी से 41 किलो गांजा बरामद हुआ है, जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रुपए है। सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया के अनुसार, यामाहा कट के पास चेकिंग के दौरान कुछ युवक संदिग्ध दिखे। भागने की कोशिश के दौरान पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में गाजियाबाद के सारांश, मैनपुरी के अमनपाल, नोएडा के शिवम यादव, मधुबनी के आशीष, हाथरस के कृष्णा और सिवान के संजीत शामिल हैं। आरोपी शिलांग, मेघालय से डाक द्वारा गांजा मंगवाते थे। वे इसे दिल्ली–एनसीआर के स्कूल–कॉलेज के छात्रों और फैक्ट्री मजदूरों को सप्लाई करते थे। सभी आरोपी बीटेक, एमबीए या बी फार्मा के छात्र हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस उनके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

### नोएडा में वेंडर ने सुपरटेक के एमडी को रोका

**नोएडा।** सेक्टर–96 स्थित सुपरटेक कार्यालय के अंदर चेयरमैन आरके अरोरा और आईआरपी समेत स्टॉफ के लोगों की गाड़ियों को वेंडर एसोसिएशन ने कार्यालय परिसर में रोक लिया। आरोप है कि कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे वेंडरों ने पदाधिकारियों को घंटों रोके रखा। भुगतान को लेकर उनका बीते कई महीने से प्रदर्शन चल रहा है। अभी तक कोई सहमति नहीं बन पाई है। आरोपों को लेकर पुलिस का कहना है कि प्रदर्शनकारियों ने बीते कई दिनों की तरह सोमवार को भी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। सुपरटेक के अध्यक्ष आरके अरोड़ा और आरपी हितेश गोयल जब कार्यालय के अंदर प्रवेश करने लगे तो उनकी गाड़ियों को वहीं रोक लिया गया। वेंडर उनकी गाड़ियों के आगे बैठ गए। पुलिस के पहुंचने के बाद उनसे वार्ता की गई और आरके अरोड़ा समेत अन्य पदाधिकारी इसके बाद घर चले गए। श्री श्याम वेंडर एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी अनुभव का कहना है कि 3 फरवरी 2025 से सुपरटेक कार्यालय के नीचे उनका प्रदर्शन चल रहा है।

### सीआरपीएफ जवान को आजीवन कारावास

**नोएडा।** जिला कोर्ट ने व्यापारी की हत्या के मामले में सीआरपीएफ के पूर्व जवान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोषी पर 81 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। सीआरपीएफ के जवान ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से व्यापारी की गोली मारकर हत्या की थी। एडीजीसी क्राइम भाग सिंह भाटी ने बताया की दादरी के मोहल्ला ठाकुरान में सीआरपीएफ का जवान सतीश परिवार के साथ रहता है। 26 जून 2017 की रात करीब 10 बजे व्यापारी बलदेव यादव अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। उसी समय आरोपी सतीश शराब के नशे में गली में अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से फायरिंग कर रहा था। इस दौरान व्यापारी ने इसका विरोध किया और सतीश से फायरिंग करने के लिए मना किया। इसी बात को लेकर नशे में धुत सतीश ने बलदेव के सीने में गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना की प्रत्यक्षदर्शी मृतक की बेटी सविता यादव ने आरोपी सतीश के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था।

### घरेलू सहायिका मां और दो बेटी गिरफ्तार

**नोएडा।** रिहाइशी इमारतों में रहने वाले लोगों को मजबूरी बताकर काम मांगने और इसके बाद फ्लैट से गहने और नकदी चोरी कर फरार होने वाली तीन महिलाओं को फेज तीन थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्त में आई घरेलू सहायिकाएं मां और बेटी हैं। तीन में से दो के खिलाफ 29 जून को फेज तीन थाने में केस दर्ज हुआ था। एसीपी वर्णिका सिंह ने बताया कि घरेलू सहायिकाओं की पहचान औरैया निवासी गीता देवी, शालू और शिवानी के रूप में हुई है। तीनों वर्तमान में गढ़ी चौखंडी गांव की सब्जी मंडी के पास बने घर में किराये पर रह रही हैं। शालू और शिवानी दोनों गीता की पुत्री हैं। गीता देवी की उम्र 44 साल जबकि शिवानी की 20 और शालू की 19 साल है। तीनों के कानपुर में भी वारदात करने की बात सामने आई है। इस संबंध में पुलिस जल्द ही कानपुर पुलिस से संपर्क करने की बात कह रही है। पर्थला गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार हुई तीनों महिलाओं के पास से 16.60 ग्राम सोना बरामद हुआ है। जून में सेक्टर–121 स्थित क्लियो काउंटी सोसाइटी निवासी आरती पाठक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उन्होंने शालू नाम की घरेलू सहायिका को आठ घंटे के लिए काम पर रखा था।

### ग्रेटर नोएडा में पुलिस मुठभेड़

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में थाना सूरजपुर पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार किया। घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा हृदेश कठेरिया के अनुसार, मोजर बेयर चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार तीन लोगों को रोकने का इशारा किया गया। बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर भागने का प्रयास किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तीनों बदमाश घायल हुए। पकड़े गए बदमाशों की पहचान मोनू, राजेंद्र उर्फ लल्लू और कमलेश मिश्रा के रूप में हुई है। मोनू पर 12, राजेंद्र पर 19 और कमलेश पर 6 मुकदमे दर्ज हैं। ये तीनों थाना ईकोटेक 3 और थाना सूरजपुर क्षेत्र में हुई चार वारदातों में वांछित थे। बदमाशों से तीन तमंचे, कारतूस, चोरी के 13,500 रुपये नगद और बिना नंबर की एक यामाहा मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

### किसान महापंचायत की तैयारी

**जेवर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने ग्रेटर नोएडा में होने वाली महापंचायत की तैयारियों को लेकर दनकौर में बैठक की। राजाराम की अध्यक्षता और अनित कसाना के संचालन में हुई इस बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पवन खटाना ने बताया कि 30 जुलाई को गलगोटिया यूनिवर्सिटी के पास महापंचायत आयोजित की जाएगी। इसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर शासन–प्रशासन और प्राधिकरण से मांग की जाएगी। महापंचायत की सफलता के लिए गांव–गांव में जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। किसानों की टोलियां गठित कर ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाई जा रही है। जिला अध्यक्ष रॉबिन नागर और जिला मीडिया प्रभारी सुनील प्रधान ने प्रमुख मांगों की जानकारी दी। इनमें 10 प्रतिशत आवासीय प्लॉट, आबादी भूमि का निस्तारण, नया भूमि अधिग्रहण बिल लागू करना और गौतम बुद्ध नगर का सर्किल रेट बढ़ाना शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन किसानों की जमीन कम कीमत पर खरीदकर बिल्डरों और संस्थाओं को ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं।



# वाराणसी में सीबीआई ने 5 रिश्वतखोर अफसर कर्मचारी पकड़े

**11 जगहों पर छापा, 5 लाख कैश मिला, कंपनी समेत 10 पर केस**

**वाराणसी।** वाराणसी में मंगलवार को सीबीआई टीम ने पूर्वोत्तर रेलवे के ऑफिस में छापा मारा। इस दौरान 2 अफसर समेत 5 आरोपियों को पकड़ लिया। कंपनियों को अनुचित लाभ पहुंचाने की शिकायत पर अफसरों के खिलाफ कई सबूत मिले थे।

टीम ने लखनऊ, वाराणसी और गाजियाबाद में छापा मारा। तीनों जगहों से करीब 5 लाख कैश मिला है। साथ ही अधिकारियों के आवास, कार्यालय और करीबियों के यहां तलाशी में कई अहम दस्तावेज भी मिले।

रेलवे से जुड़ी आपत्तिजनक जानकारियां भी पाई गई। रेलवे के 6 अधिकारियों, 2 कंपनियों के कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज किया। आरोपी अफसरों को लखनऊ सीबीआई कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

वाराणसी डीआरएम कार्यालय में तैनात अफसरों को लाखों रुपए रिश्वतखोरी का मामला सामने आया है। अफसरों पर गति शक्ति परियोजना के तहत भदोही में ठेकेदार के फर्जी बिल पास कराने का आरोप है। जांच में सबूत मिलने के बाद सीबीआई ने उत्तर रेलवे व उत्तर पूर्व रेलवे के कई अधिकारियों और एक निजी कंपनी पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है।

बताया कि लखनऊ में तैनात डिप्टी सीईएन विवेक कुशवाहा ने 7 लाख की रिश्वत ली। वाराणसी के सीनियर सीईएन राकेश रंजन, ओएस मनीष कुमार, एसएसई अभिषेक गुप्ता, अकाउंट्स योगेश गुप्ता व वरिष्ठ लिपिक सुशील राय ने ठेकेदार से रकम लेकर फर्जी बिल पास कराए।



सीबीआई ने रिश्वतखोरी में उत्तर रेलवे लखनऊ गति शक्ति इकाई के उप मुख्य अभियंता एसएसई (ड्राइंग) से 2.50 लाख रुपए और मुख्य अभियंता (ओएस) को 2.75 लाख रुपए के साथ गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान एक निजी कंपनी के दो कर्मचारियों सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### सीबीआई ने जांच के बाद दर्ज किया केस

सीबीआई लखनऊ के डिप्टी एसपी सुनील दत्त ने बताया कि उत्तर रेलवे की गति शक्ति इकाई के अफसरों के भ्रष्टाचार में संलिप्त होने की शिकायत मिली थी।

यह भदोही में कार्यरत परियोजना के टेंडर और बिल पास कराने का मामला था। शिकायत के बाद अलग-अलग 7 टीमों ने कार्रवाई शुरू की।

14 जुलाई को लखनऊ में 4 स्थानों, वाराणसी में 6 स्थानों और गाजियाबाद में 1 स्थान पर तलाशी ली गई। इन तलाशियों के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए और भ्रष्टाचार के साक्ष्य तक टीम पहुंची। इसके बाद अफसरों की लोकेशन लेकर उनके दफ्तर और घरों पर कार्रवाई की।

उत्तर रेलवे के डीआरएम कार्यालय के कार्यालय अधीक्षक, उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अभियंता (वर्क्स), उत्तर रेलवे के लेखा अनुभाग अधिकारी, वाराणसी, उत्तर रेलवे के सहायक अभियंता कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक, एक निजी कंपनी, निजी कंपनी के दो कर्मचारियों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया था।

उप मुख्य अभियंता को कार्यालय से एक निजी व्यक्ति से लिए गए 2.50 लाख रुपए बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

उप मुख्य अभियंता एनआर और आरोपी निजी कंपनी के दो निजी व्यक्तियों-कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी सहायक एक्सईएन ने निजी व्यक्ति से 2.75 लाख रुपए प्राप्त किए हैं, हालांकि वह फरार है।

## शार्ट न्यूज

### गवाही से पहले बच्चे को गला घोंटकर मारा

**गोंडा।** गोंडा के टिकिरिया गांव में एक 14 वर्षीय किशोर की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक विशाल का शव गन्ने के खेत में मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उसकी हत्या गला घोंटकर की गई। विशाल 12 जुलाई से लापता था। उसके पिता गोविंद को कल दोपहर गन्ने के खेत से दुर्गंध आई। जांच करने पर उन्हें बेटे का शव मिला। शव काफी हद तक सड़ चुका था और कुछ हिस्सों को जानवरों ने खा लिया था। मामले में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि विशाल को 17 जुलाई को कोर्ट में एक मारपीट के केस में गवाही देनी थी। तीन साल पहले गांव के मुकेश ने विशाल को मारा था और यह मामला अभी कोर्ट में चल रहा है। देहात कोतवाल संजय कुमार सिंह के अनुसार, परिजनों की शिकायत पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस जांच में जुटी है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है।

### राहुल गांधी का लखनऊ कोर्ट में सरेंडर

**लखनऊ।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार दोपहर को लखनऊ कोर्ट में सरेंडर किया। इसके 5 मिनट बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी। एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने 20-20 हजार के दो बॉन्ड पर राहुल को जमानत दी। राहुल के वकील ने जमानत याचिका डाली थी, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। राहुल कोर्ट के अंदर करीब 30 मिनट तक रहे। राहुल दिल्ली से लखनऊ एयरपोर्ट आने के बाद सीधे एमपी-एमएलए कोर्ट पहुंचे थे। भारतीय सेना पर की गई टिप्पणी को लेकर कोर्ट ने उन्हें पेश होने का आदेश दिया था। पिछली 5 सुनवाई के दौरान राहुल हाजिर नहीं हुए। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें समन जारी किया था। जमानत मिलने के बाद राहुल कोर्ट से सीधे अमौसी एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। राहुल के वकील प्रांशु अग्रवाल ने कोर्ट से राहुल की पेशी पर छूट की मांग की थी। मगर कोर्ट ने राहुल को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया था। कोर्ट गेट पर गाड़ियों का काफिला पहुंचते ही पुलिस ने राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी और आराधना मिश्रा की कार रुकवा दी। पुलिस से नोकझोंक के बाद दोनों लोग पैदल चलकर अंदर गए।

### चोरी की चांदी के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**मथुरा।** मथुरा में कोतवाली पुलिस ने दो शातिर चोरों को चोरी की चांदी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अलवर फ्लाई ओवर की सर्विस रोड पर कृष्णानगर इलाके में दो संदिग्ध चोरी का माल लेकर जा रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लक्ष्मीनगर निवासी राजा और विपिन उर्फ विप्पी को गिरफ्तार किया। तलाशी में उनके पास से 23 किलो चांदी की पाजेब बरामद हुई। यह पाजेब 13 जुलाई की रात एक घर से चोरी हुई थी। उस समय कुल 27 किलो चांदी की पाजेब चोरी गई थी। सीओ सिटी भूषण वर्मा के अनुसार, पुलिस टीम लगातार चोरी के माल की बरामदगी के लिए प्रयासरत थी। मुखबिर की सूचना पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अलवर वाले पुल के पास से दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। पीड़ित ने इस मामले में पहले ही थाना कोतवाली में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा रखा था।

### 25 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर में पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। थाना कोतवाली देहात, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने 25 हजार के इनामी बदमाश पवन बिंद उर्फ गोलू को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। बीएचयू साउथ कैंपस के पास कच्चे रास्ते पर हुई मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी। पुलिस ने मौके से एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। देहात कोतवाली क्षेत्र के इटवा निवासी पवन बिंद पर लूट, छिनैती और चोरी समेत कुल 15 मामले दर्ज हैं। घायल आरोपी को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। पुलिस ने 9 जुलाई को इसी गैंग के 5 अन्य सदस्यों को गिरफ्तार किया था। उस समय पवन फरार हो गया था। गिरफ्तारी में कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक सदानंद सिंह, एसओजी प्रभारी राजीव कुमार सिंह और सर्विलांस प्रभारी मानवेंद्र सिंह की टीम शामिल रही।

### इलाहाबाद और लखनऊ हाईकोर्ट के 4 जज का ट्रांसफर

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट और लखनऊ खंडपीठ के चार न्यायाधीशों का ट्रांसफर अन्य राज्यों के उच्च न्यायालयों में किया गया है। लखनऊ बेंच से न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला को दिल्ली हाईकोर्ट भेजा गया है। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा को पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट और न्यायमूर्ति जयंतीलाल बनर्जी को कर्नाटक हाईकोर्ट में नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की अनुशंसा पर ट्रांसफर की अधिसूचना जारी की। बुधवार को फुल कोर्ट रेफरेंस में इन न्यायाधीशों को विदाई दी जाएगी। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी 2017 में हाईकोर्ट जज बने। इससे पहले वे इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में वकालत करते थे। न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला ने लखनऊ विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की है।

# आगरा में दो दोस्तों का मर्डर

**भाई और भतीजों ने रची साजिश, चाचा को फोन कर बुलाया, साथ आए दोस्त को भी मार डाला**

**आगरा।** आगरा में नहर किनारे दो दोस्तों की हत्या के मामले में पुलिस खुलासे के करीब है। मृतक कृष्ण पाल के सगे भाई और भतीजे ने दोस्तों के साथ मिलकर हत्याकांड को अंजाम दिया था। पुलिस ने 4 आरोपी को पकड़ लिया है। ये मामला किरावली के गांव पुरामना का है।

डीसीपी अतुल शर्मा ने बताया- अरदाया के रहने वाले कृष्णपाल का अपने भाई अजयपाल के साथ पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद था।

अजयपाल ने अपने नाबालिग बेटे के साथ मिलकर कृष्णपाल की हत्या की साजिश रची थी। इस काम में अजयपाल के बेटे ने अपने दोस्त मनीष और धर्मेंद्र को शामिल किया। उन्हें 5 लाख रुपए देने की बात कही थी।



### फोन कर बुलाया

कृष्णपाल को उसके भतीजे ने रविवार रात को 8 बजे फोन किया भतीजे ने नेत्रपाल को लेकर पहुंचा था। वहां पर पहले से कृष्णपाल का भतीजा अपने दोस्तों के साथ मौजूद थे।

उन्हें लगा था कि कृष्णपाल अकेले ही आएगा। मगर, उसके साथ नेत्रपाल भी आ गया। इन्होंने पहले तमंचे से फायर किया, लेकिन जब गोली नहीं लगी तो लोहे की रॉड से सिर पर प्रहार कर दोनों को मार डाला।

### पुलिस को भाई ने ही दी सूचना

हत्या के बाद सुबह 8 बजे भाई अजयपाल ने ही पुलिस को सूचना दी थी। उसने ही तहरीर दी। वो पुलिस को गुमराह करता रहा। पुलिस ने कॉल डिटेल निकलवाई और सर्विलांस के जरिए इनसे पूछताछ की। पूछताछ में पूरा मामला खुल गया।

सोमवार सुबह पुरामना नहर के पास दो युवकों के खून से लथपथ शव मिले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतकों के सिर पर चोट के गंभीर निशान मिले। शवों के पास गुटखा, डिस्पोजल ग्लास, पानी के पाउच बरामद हुए। माना जा रहा है कि शराब पिलाने के बाद इनकी हत्या की गई है। दोनों मृतकों की पहचान नेत्रपाल पुत्र चंद्रभान उम्र करीब 38 वर्ष निवासी अरदाया थाना अछनेरा व दूसरे कृष्ण पाल उर्फ केपी पुत्र लालाराम निवासी अरदाया थाना अछनेरा के रूप में हुई है। दोनों एक ही गांव के रहने वाले दोस्त थे। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन किए है। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू की। कृष्णपाल का भतीजे पर पुलिस को शक हुआ। रात को उसके उठाया। उससे पूछताछ की गई।

# लखनऊ नगर निगम की लापरवाही से युवक की मौत

**लखनऊ।** लखनऊ में नगर निगम की लापरवाही से एक युवक की जान चली गई। मंगलवार दोपहर पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर-9 स्थित मामा चौराहे पर यह हादसा हुआ। पेड़ों की छंटाई के दौरान सड़क पर लटकी रस्सी में बाइक सवार फंस गया। फ्लिपकार्ट मिनट कंपनी में कार्यरत 27 वर्षीय अनुज कश्यप अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे। वह मोहनलालगंज के गोपालखेड़ा के रहने वाले थे। रस्सी में फंसने से वह असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़े। सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।

### चेतावनी बोर्ड नहीं लगा था

हादसे के समय न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगा था और न ही ट्रैफिक को नियंत्रित किया गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि पेड़ से बंधी रस्सी लापरवाही से सड़क के ऊपर लटक रही थी। पुलिस ने युवक को ट्रॉमा सेंटर



भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### नगर निगम के खिलाफ कार्रवाई की मांग

अनुज अपने परिवार का एकमात्र सहारा थे। उनके पिता छेदालाल की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। परिवार में मां सुमन देवी, बड़े भाई सोनू, छोटे भाई दीपक और बहन गुड़िया हैं। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीजीआई थाना प्रभारी धीरेन्द्र सिंह के अनुसार, परिजनों की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व युवा कौशल दिवस का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** मिशन निदेशक उ.प्र. कौशल विकास मिशन, लखनऊ एवं संयुक्त निदेशक (प्रशि0/शिक्षु0), झाँसी मण्डल, झाँसी के निर्देशों के क्रम में विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों द्वारा उक्त अवसर पर आयोजित कौशल प्रदर्शनी व डी0डी0यू0- जी0के0वाई0 एवं उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के वीडियों के माध्यम से प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही जनपद में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा सेवायोजित सर्वश्रेष्ठ अभ्यर्थियों को कौशल यूथ आईकॉन सम्मान से सम्मानित किया गया। सेवायोजित प्रशिक्षार्थियों द्वारा अपना व्यक्तिगत अनुभव साझा किया गया। इसी क्रम में दिनांक-14 जुलाई, 2025 को आयोजित रोजगार मेला में चयनित अभ्यार्थियों में से 11 अभ्यार्थियों को उक्त कार्यक्रम में भी नियुक्ति पत्र मा0 अतिथियों के द्वारा मंच से ही प्रदान किये गये एवं जनपद में डी0डी0यू0- जी0के0वाई0, अन्य योजनाओं व आई0टी0आई0 के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं का सम्मान भी किया गया।

# 500 नहीं दिए तो कानपुर पुलिस ने कारोबारी को लूटा

**आंख पर डंडा मारा, गाड़ी से खींचकर पीटा; 11 सिपाही सस्पेंड**

**कानपुर।** कानपुर में अलीगढ़ के पशु व्यापारी से लूट करने वाले 11 पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। पुलिस कर्मियों ने शनिवार को बर्रा हाईवे पर अलीगढ़ निवासी पशु व्यापारी से मारपीट की थी। 500-500 रुपए नहीं देने पर व्यापारी की आंख पर डंडा मारा। फिर गाड़ी से खींचकर जमकर पीटा। गाड़ी में रखे 10 हजार रुपए लूट लिए। ये सभी सिपाही पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) में तैनात हैं। एडीसीपी साउथ की जांच में सभी दोषी मिले। रिपोर्ट के आधार पर सभी को सस्पेंड किया गया है।

### बर्रा हाईवे पर ओवरटेक कर 3 पीआरवी ने रोका

अलीगढ़ निवासी पशु व्यापारी मो. उजैर शनिवार को सरसौल से मवेशियों को खरीद कर रामादेवी-भौंती हाईवे से जा रहे थे। लक्ष्मण उर्फ लकी पिकअप चला रहा था। आरोप है कि हाईवे पर बर्रा कट फ्लाईओवर पर चकेरी की पीआरवी 7058 के सिपाहियों ने गाड़ी को रोक लिया। तभी हनुमंत विहार थाने की पीआरवी 6504 और 7055 भी आ गईं। तीनों पीआरवी के पुलिसकर्मियों ने धमकी दी। कहा- गाड़ी लेकर जाना है, तो प्रति पुलिसकर्मी 500-500 रुपए देने होंगे। व्यापारी ने पैसे देने से मना किया तो सिपाहियों ने मो. उजैर और लक्ष्मण को गाड़ी से बाहर खींच लिया।

**आंख में डंडा मारकर सिपाहियों ने 10 हजार लूट लिए**

पैसे नहीं देने पर डंडे और लात-घूसों से जमकर पीटा। चालक की आंख में डंडा मार दिया। इसके बाद गाड़ी में रखे 10 हजार रुपए लूट लिए। फिर बर्रा पुलिस ने पिकअप जब्त कर ली। पीड़ितों पर पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज कर लिया। घायल व्यापारी ने अपना एक वीडियो बनाकर वायरल किया। जिसमें उसने पुलिस पर रुपए लूटने और मारपीट का आरोप लगाया। इस वीडियो का पुलिस कमिश्नर ने संज्ञान लिया। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने मामले की जांच एडीसीपी साउथ योगेश कुमार व डॉयल-112 प्रभारी को सौंपी।

# मासिक अपराध गोष्ठी में एसपी ने की समीक्षा

**सावन माह के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल लगाकर त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु दिये दिशा-निर्देश**

**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गयी । सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस कर्मियों की पारिवारिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । इसके उपरान्त मासिक अपराध समीक्षा बैठक में समस्त क्षेत्राधिकारी / थाना प्रभारियों / समस्त शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । मासिक अपराध



समीक्षा बैठक के दौरान निम्न बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा की गयी । आगामी त्यौहार ( सावन माह) के दृष्टिगत जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्र के मन्दिरों/शिवालयों में जलाभिषेक, शोभायात्रायें आदि के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था/रूट व्यवस्था हेतु उचित प्रबन्धन करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । वन माफिया का चिन्हीकरण कर उनके विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । सभी प्रकार के वाहनों विशेषकर स्कूल/यातायात/माल वाहक आदि के प्रमाण पत्रों (रजिस्ट्रेशन, फिटनेश, पोल्युशन आदि) का सत्यापन कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु उपसम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया । बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए बाढ, जलभराव आदि स्थितियों से निपटने हेतु सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है ।

## गाजियाबाद में नाबालिग से गैंगरेप

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक नाबालिग छात्रा से गैंगरेप का मामला सामने आया है। छात्रा एक शिक्षण संस्थान में पढ़ाई कर रही है। जहां छात्रा को एक दोस्त बुलाकर ले गया था। उसके बाद आरोपी ने अपने अन्य दोस्तों को भी बुलाया। आरोप है कि छात्रा के साथ सामूहिक रेप किया गया। कविनगर पुलिस ने 3 नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। यह सनसनीखेज मामला गाजियाबाद के कविनगर थाना क्षेत्र में एक हाईराइज सोसायटी का है।

# ईओ ने संचारी रोग अभियान का किया औचक निरीक्षण

**ललितपुर।** संचारी रोग नियंत्रण के तहत चलाये जा रहे अभियान का अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कर अधीक्षक/प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश जैन एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी द्वारा वार्ड नंबर 20 तालाबपुरा का जायजा लिया गया। इस दौरान संचारी रोग अभियान के तहत मिली कमियों को दूर कराये जाने के लिए संबंधित सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों व नालियों की मरम्मत कराये जाने हेतु अवर अभियंता को निर्देशित किया गया। वार्ड नंबर 20 मोहल्ला तालाबपुरा में निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य नायक से वार्ड में कार्य कर रहे कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका की जानकारी ली गई व वार्ड में चलाये जा रहे अभियान के बारे में मोहल्लेवासियों से जानकारी ली। इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने संबंधित सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देश दिये कि मोहल्ले में पालतू जानवर गाय, भैंस आदि होने के चलते लोग नालियों आदि में गोबर फेंक देते है, उन्हें कर्मचारियों के माध्यम से चिन्हित कर नालियों गोबर आदि न फेके जाने हेतु निर्देशित करें, यदि इसके बाद भी उनके द्वारा नालियों



आदि में गोबर आदि फेंका जाता है तो सभी के विरूद्ध जुर्माना वसूल करते हुए कार्यवाही अमल में लाई जाये।

इसके बाद वार्ड में बरसात के समय में हो रहे जल भराव को लेकर अधिशासी अधिकारी ने वार्डों में स्थित नालों, पुलियों आदि का जायजा लिया, जिस पर स्वास्वास्थ्य नायक द्वारा बताया गया कि कुछ लोग पालिका की नाली पर पत्थर आदि रखे हुए है व चबूतरे बनाये हुए है, जिससे पानी की निकासी होने में समस्या उत्पन्न होती है, जिस पर अधिशासी अधिकारी ने नजूल लिपिक को निर्देश दिये कि ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर तत्काल प्रभाव से पालिका की नालियों को अतिक्रमण मुक्त कराये, जिससे आम रास्ते पर बरसात के समय में जल भराव की समस्या आदि उत्पन्न न हो। अधिशासी अधिकारी द्वारा कहा गया कि मोहल्ले में खाली पड़े प्लाटों की नियमित रूप से साफ सफाई करायें व वार्डों में खाली पड़े प्लाट जिनमें जल भराव व कूड़ा आदि डाल दिया जाता है ऐसे प्लाट मालिकों को सूचित करें कि वह अपने-अपने प्लाटों में कूड़ा आदि न डालने दे और न ही इनमें जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने दे, इसके बाद भी यदि खाली पड़े प्लाटों में कूड़े आदि पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध नोटिस जारी कर जुर्माना वसूल की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जल भराव होने के चलते मच्छर आदि पनपते है, जिससे बीमारियों आदि का अंदेशा बना रहता है, उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य नायक वार्डों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत वार्ड वासियों को जागरूक करें, घरों में खाली पड़े प्रपत्रों को ढक कर रखने हेतु जागरूक करें व कूलर आदि में जमा जल को खाली करते हुए मच्छरों आदि के लार्वा से बचाव हेतु सभी को निर्देशित करें।

# सावन माह को लेकर मंदिरो का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**ललितपुर।** सावन माह के चलते नगर में स्थित मंदिरों का अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कर अधीक्षक/प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश जैन एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी द्वारा निरीक्षण करते हुए मंदिरों के आसपास साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने हेतु स्वास्थ्य नायकों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी द्वारा मोहल्ला आजादपुरा में स्थित श्री तुवन मंदिर, घुसयाना स्थित श्री हनुमान धारा मंदिर, सीतापाठ स्थित हजारिया महादेव मंदिर, मोहल्ला नदीपुरा रावतयाना में स्थित ललितेश्वरी मंदिर सहित शहर के अन्य मंदिरों का टीम के साथ निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने संबंधित सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों व स्वास्थ्य नायकों को निर्देश दिये गये कि हिन्दू धर्म में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित सबसे पावन महीना माना जाता है, इस माह में श्रद्धालु मंदिरों में आराधना करने के लिए जाते है। श्रद्धालुओं व आमजन मानस को देखते हुए मंदिरों के आसपास विशेष रूप से टीमें लगाकर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराये। इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने कहा कि मंदिर जाने वाले रास्तों पर जल भराव आदि की समस्या को तत्काल प्रभाव से दूर करायें, श्रद्धालुओं को मंदिर आने जाने में कोई समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि मंदिरों के आसपास साफ सफाई व्यवस्था नहीं पाई जाती है या कोई भी कर्मचारी इस कार्य में लापरवाही करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, पार्षद जानकी, कर अधीक्षक/प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र



स्वरूप तिवारी, अवर अभियंता खुशबू खान, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, पुरूषोत्तम कुशवाहा, धीरेन्द्र घावरी, मुकेश यादव, फरदीन खान, अंकित तिवारी सहित पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# केएल राहुल की फॉर्म भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि: पूर्व भारतीय बल्लेबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल की फॉर्म मेहमान टीम के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। राहुल ने अब तक इस दौरे पर छह पारियों में 375 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है।

मांजरेकर ने जियोहॉटस्टार पर कहा, 'एक विश्लेषक और एक पूर्व क्रिकेटर के तौर पर मुझे सबसे बड़ी संतुष्टि केएल राहुल को देखकर मिली है। उनका खेल हमेशा से ही शानदार रहा है। हां, उनकी तकनीक में कुछ खामियां थीं, लेकिन उन्होंने उन पर काम किया और उन्हें सुलझाया। बस एक कमी निरंतरता की थी। हमारे एक शो में, हमने मजाक में उन्हें 'मिस्टर कंसिस्टेंट केएल राहुल' की उपाधि भी दी थी लेकिन उन्हें यह तमगा हासिल करने में काफी समय लगा।'

पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'उन्होंने अब तक भारत के लिए 50 से ज़्यादा टेस्ट मैच खेले हैं और अब मैं जो देख रहा हूं वह लगभग पूर्णता के करीब है, उनमें कोई भी कमजोरी नजर नहीं आती। किसी विदेशी सीरीज में पहली बार उन्होंने 200 से ज़्यादा रन बनाए हैं। मेरे लिए यह भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

सोमवार को लॉर्ड्स में भारत की 22 रनों से मामूली हार के बाद मांजरेकर ने रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह के बीच नौवें विकेट की साझेदारी पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'रवींद्र जडेजा अच्छी बल्लेबाज़ी कर रहे थे और मज़बूती से डिफेंस कर रहे थे, लेकिन ऐसा कभी नहीं लगा कि वह भारत को जीत दिलाने के लिए जरूरी जोखिम उठा रहे हैं। वह इंतजार कर रहे थे और उम्मीद के खिलाफ उम्मीद कर रहे थे। हालांकि उस साझेदारी के असली स्टार जसप्रीत बुमराह थे। वह एक घंटे 40 मिनट तक बेहतरीन तेज गेंदबाजी, बाउंसरों का सामना करते हुए मैदान पर डटे रहे, और यह देखना उल्लेखनीय था कि बल्ले से उनके नेट सत्र का आखिरकार क्या असर हुआ। उनकी गेंदबाजी में जो मानसिक दृढ़ता हम देखते हैं, वह उनकी बल्लेबाजी में भी दिखाई दी और यह वाकई खास था।'

उन्होंने कहा, 'यह देखकर खुशी होती है कि इन दिनों जडेजा अपने डिफेंस पर कितना भरोसा करते हैं। वह अब लंबी पारी खेलते हैं, धैर्य रखते हैं और समय का पूरा ध्यान रखते हैं। पहली पारी में उन्होंने जो 70 रन बनाए, वे कोई तेज तर्रार 70 रन नहीं थे, उन्होंने चार घंटे तक बल्लेबाजी की। और इस पिच पर 50 रन बनाना ऐसा लगा जैसे 50 घंटे बल्लेबाजी की हो। लेकिन अगर आप उस पल को देखें जब जडेजा ने अपना अर्धशतक पूरा किया, तो लॉर्ड्स की बालकनी से जो नजारे दिख रहे थे, वे ज़्यादा सकारात्मक नहीं लग रहे थे।'

मांजरेकर ने जडेजा की दमदार पारी के बारे में कहा, 'ड्रेसिंग रूम की ऊर्जा ने सब कुछ बयां कर दिया, ऐसा लगा जैसे टीम जानती थी कि जीतना बहुत मुश्किल होगा। जडेजा कोशिश कर रहे थे, इसमें कोई शक नहीं, लेकिन पिच, हालात और भारत के रन रेट को देखते हुए, लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल लग रहा था।'




बुमराह की दोनों पारियों में अनुकूलनशीलता और प्रभाव पर विचार करते हुए मांजरेकर ने इस तेज गेंदबाज की महानता की प्रशंसा की जो उनकी विरासत बन गई है। पूर्व बल्लेबाज ने कहा, 'पहली पारी में, बुमराह ने दिखाया कि वह कितने बेहतरीन गेंदबाज हैं। यह ऐसी पिच थी जहां वह अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे, इसलिए उन्होंने धैर्यपूर्वक गेंदबाजी की और मौकों का इंतजार किया। और जब मौका आया - पारी के उत्तरार्ध में - तो वह तैयार थे। उन्होंने पहली पारी में एक ऐसी सतह पर 5 विकेट लिए जहां ज़्यादा मदद नहीं मिल रही थी। फिर जब वाशिंगटन सुंदर ने चार अहम विकेट लिए और भारत को इंग्लैंड को जल्दी समेटना था, बुमराह ने फिर से आगे आकर अच्छा प्रदर्शन किया। ब्रायडन कार्से को आउट करने वाली वो यॉर्कर आज भी जहन में ताजा है। अलग-अलग तरीकों से अपनी महानता दिखाना - यही बुमराह की विरासत बन गई है।'

# वैभव सूर्यवंशी की शानदार फॉर्म जारी, इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ टेस्ट में ठोका अर्धशतक




**लंदन (एजेंसी)।** केंट में चल रहे इंग्लैंड अंडर-19 बनाम भारत अंडर-19 के पहले युवा टेस्ट में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर इंटरनेट पर धूम मचा दी है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 39 गेंदों में अर्धशतक जड़कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान आयुष म्हात्रे के शतक की बदौलत 540 रन बनाए। हालांकि वैभव सूर्यवंशी पहली पारी में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और 13 गेंदों में तीन चौकों की मदद से केवल 14 रन ही बना पाए। इस बीच इंग्लैंड ने जवाब में 439 रन बनाए जिससे भारत अंडर-19 को 101 रनों की बढ़त मिल गई। 14 वर्षीय वैभव ने दूसरी पारी में कहर बरपाया और 39 गेंदों में 9 चौकों और एक छक्के की मदद से ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़ा। आर्ची वॉन द्वारा बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को आउट करने के बाद सूर्यवंशी आखिरकार पवेलियन लौट गए। बहरहाल, स्टंप्स तक भारत 239 रनों की बढ़त बना चुका है और पहला युवा टेस्ट जीतने की प्रबल संभावना है। 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी के लिए यह दौरा यादगार रहा है क्योंकि यह खिलाड़ी इंग्लैंड में हर मैच का पूरा फायदा उठा रहा है। भारत के इस सलामी बल्लेबाज ने 5 पारियों में 355 रन बनाए जिसमें एक शतक और युवा वनडे में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड शामिल है। मौजूदा टेस्ट सीरीज की बात करें तो पहली पारी में उनके प्रदर्शन के बाद आलोचकों ने सूर्यवंशी की लाल गेंद की फॉर्म पर सवाल उठाए थे, लेकिन 14 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरी पारी में अर्धशतक जड़कर संदेहों को शांत कर दिया, जिससे इस युवा खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ा। सूर्यवंशी न सिर्फ बल्ले से बल्कि गेंद से भी धूम मचा रहे हैं। गौरतलब है कि 14 वर्षीय इस गेंदबाज ने इंग्लैंड अंडर-19 टीम के कप्तान हमजा शेख का अहम विकेट लेकर इतिहास रच दिया। वह युवा टेस्ट इतिहास में विकेट लेने वाले सबसे कम उम्र के गेंदबाज बन गए। इस बाएं हाथ के गेंदबाज ने 13 ओवर फेंके और अपनी बाएं हाथ की स्पिन से 2 विकेट लिए। इस विकेट ने मनीषी का रिकॉर्ड तोड़ दिया जिन्होंने 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी।

## स्टार्क ने 100 वें टेस्ट में बनाये कई रिकार्ड



**हैदराबाद (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने अपने 100 वें टेस्ट मैच में 400 विकेट पूरे करने के साथ ही कई नये रिकार्ड भी अपने नाम किये हैं। मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ इस मैच में घातक गेंदबाजी करते हुए 7.3 ओवरों में केवल नौ रन देकर छह विकेट लिए। इससे ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टेस्ट के साथ ही सीरीज भी जीत ली है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अपने स्पेल की पहली गेंद पर मेजबान टीम के जॉन कैंबल को आउट कर दिया। इसी ओवर में उन्होंने केवलोन एंडरसन और ब्रेंडन किंग को भी चलता किया। फिर अपने तीसरे ओवर में स्टार्क ने मिकेल लुईस और शाई होप को आउट करके इतिहास रच दिया। मिकेल लुईस टेस्ट में स्टार्क के 400वें शिकार बने। यह उपलब्धि उन्होंने अपने 100वें टेस्ट में हासिल की। वो टेस्ट इतिहास में 400 विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के चौथे और तीसरे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बने हैं। स्टार्क ने अपने घातक स्पेल से विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया। स्टार्क सबसे कम गेंदों में एक पारी में पांच विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने केवल 15 गेंदों में पांच विकेट लिए। इससे पहले यह रिकॉर्ड संयुक्त रूप से तीन गेंदबाजों एर्नी तोषाक, स्टुअर्ट ब्रॉड और स्कॉट बोलैंड के नाम था जिन्होंने 19 गेंदों में पांच विकेट लिए थे।

# शेफाली की टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी, इंग्लैंड के खिलाफ 158.56 के स्ट्राइक रेट से बनाए थे रन

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रही। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 158.56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाने वाली शेफाली इस रैंकिंग में 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गयी है।

उप-कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे नंबर के साथ इस सूची में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी है। मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान नीचे 14वें स्थान पर खिसक गई। भारत की ऐतिहासिक 3-2 से श्रृंखला जीत में अहम योगदान देने वाली अरुंधति रेड्डी गेंदबाजी रैंकिंग में चार स्थान की सुधार के साथ 39वें स्थान पर और हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में 26 स्थान की छलांग लगाकर 80वें स्थान पर पहुंच गई।

अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा को गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह तीसरे पायदान पर खिसक गयी है। राधा यादव तीन पायदान के सुधार के साथ रैंकिंग में 15वें स्थान पर है। इस रैंकिंग में श्रृंखला गंवाने वाली इंग्लैंड की टीम के कई खिलाड़ियों को रैंकिंग में फायदा हुआ है। श्रृंखला के आखिरी मैच में 'प्लेयर ऑफ द मैच% का पुरस्कार हासिल करने वाली स्पिनर चार्ली डीन रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रही। वह आठ स्थान के सुधार के साथ तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई।

लिसे स्मिथ 9 पायदान ऊपर चढ़कर 38वें स्थान पर पहुंच गई जबकि तेज गेंदबाज इस्सी वोंग सात स्थान के सुधार के साथ 50वीं रैंकिंग हासिल करने में सफल रही। एमिली अर्लट 15 स्थान के सुधार के साथ 67वें




स्थान पर पहुंच गई। श्रृंखला में 151 रन के साथ इंग्लैंड की शीर्ष स्कोरर सोफिया डंकले बल्लेबाजी रैंकिंग में सात अंक हासिल कर 19वें स्थान पर पहुंच गई। टैमी ब्यूमोंट 19 स्थान की छलांग के साथ 45 वें स्थान पर पहुंच गई।

## अपनी निजी निजी ज़दिगी को लेकर चर्चाओं में रही हैं साइना और सानिया

नई दिल्ली ।टेनिस स्टार साइना मिर्जा और बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल दोनों ही अपने-अपने क्षेत्र की दिग्गज खिलाड़ी हैं पर कई लोग इन दोनो के मिलते जुलते नामों के कारण संशय में आ जाते हैं। जहां साइना बैंडमिंटन खिलाड़ी हैं, वहीं सानिया टेनिस खिलाड़ी है के तौर पर जानी जाती हैं। सानिया ने फरवरी 2023 में दुबई टेनिस चैंपियनशिप के बाद पेशेवर टेनिस को अलविदा कह दिया था। सानिया मिर्जा का जन्म मुंबई में हुआ था पर वे पली-बढ़ी हैदराबाद में थीं, जबकि साइना नेहवाल हरियाणा की रहने वाली हैं। ये दोनो ही अपनी निजी ज़दिगी को लेकर भी चर्चाओं में रही है। हरियाणा के हिसार की साइना नेहवाल ने हैदराबाद के सेंट ऐनी कॉलेज, मेहदीपट्टनम से 10वीं पास की थी। बैडमिंटन में व्यस्तता के कारण वह कॉलेज की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाई थीं। साइना ने कई अंतरराष्ट्रीय खिताब जीते और भारत को बैडमिंटन में ग्लोबल पहचान दिलाई। वहीं दसूरी ओर हैदराबाद से स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद सानिया ने सेंट मैरी कॉलेज, हैदराबाद से ग्रेजुएशन किया। साल 2008 में उन्हें चेन्नई के एमजीआर शैक्षिक और अनुसंधान संस्थान से डीलिट की मानद उपाधि भी मिली.

## गांगुली से प्रेरित थे आर्चर : स्टोक्स

लंदन । इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि तीसरे टेस्ट से वापसी करने वाले तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली द्वारा लाड्र्स की बालकनी में शर्ट लहराने की घटना से प्रभावित थे। गांगुली ने साल 2002 में नेटवेस्ट ट्रॉफी में जीत के बाद जश्न के दौरान अपनी शर्ट लहरा दी थी। स्टोक्स ने कहा कि आर्चर इससे काफी प्रेरित थे और इसी कारण चार साल बाद भी वापसी के दौरान उनका प्रदर्शन ठीक रहा। आर्चर ने तीसरे टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर के विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। स्टोक्स ने 22 रनों से मिली जीत के बाद कहा, 'मैंने आज सुबह उससे कहा, तुम्हें पता है कि आज क्या है। पता है ना। उसने मुझसे कहा, तुम्हें पता है कि उस दिन भारत ने 300 से अधिक रन बनाकर जीत हासिल की थी और गांगुली ने शर्ट लहराई थी। उसे लग रहा था कि वह विश्व कप फाइनल था और इस घटना को आज छह साल हो गए हैं। इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में अपनी जीत उसी दिन दर्ज की जिस दिन उसने 2019 में एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में स्कोर बराबर रहने के बाद अधिक बाउंड्री के आधार पर न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत हासिल की थी।

## क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक लगी

प्रयागराज ।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को क्रिकेटर यश दयाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए यौन शोषण के आरोप में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर फिलहाल उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट की पीठ ने इस क्रिकेटर की उस याचिका पर यह आदेश पारित किया जिसमें उन्होंने मामले में




अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने और प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया था। इस मामले में याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि अदालत ने यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है और अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है। इससे पहले एक युवती ने इस क्रिकेटर के खिलाफ शारीरिक ओर मानसिक शोषण के मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसमें कहा गया था कि इस क्रिकेटर ने शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण किया। इस युवती के अनुसार वह इस क्रिकेटर के साथ पांच साल से रिलेशनशिप में थी और इस दौरान उसने शादी का वादा किया था पर बाद में उसने धोखेबाजी कर दी। गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम थाना में शिकायत दर्ज की गई थी जिसमें इसयुवती ने यश दयाल पर यौन शोषण का भी आरोप लगाया था। इस युवती ने यह भी दावा किया है कि क्रिकेटर यश दयाल शादी करने का उसका प्रस्ताव टालता रहा और अंत में उसे पता चला कि यश दयाल का अन्य महिलाओं के साथ भी संबंध है। इस मामले की शिकायत पहले उसने मुख्यमंत्री के ऑनलाइन शिकायत निपटान पोर्टल पर की थी।

# शुभमन फैसला करें कोहली या धोनी किसकी तरह खेलेंगे: मांजरेकर

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा है कि टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को ये तय करना होगा कि वह विराट कोहली की तरह आक्रामक बनना चाहेंगे या महेन्द्र सिंह धोनी जैसे शांत स्वभाव वाले क्रिकेटर। उन्हें ये देखना होगा कि वह किसमें बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं आक्रामक अंदाज में या शांत होकर। मांजरेकर के अनुसार स्वाभाव का बल्लेबाजी पर भी प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि दूसरी पारी में शुभमन के आउट होने के पीछे मैच में हुआ विवाद भी एक कारण रहा। इसी कारण उनका मन एकाग्र नहीं था। इसी कारण शुरुआती दो मैचों में एक दोहरे शतक सहित 3 शतक लगाने




वाले शुभमन लॉर्ड्स में बल्लेबाजी में विफल रहे। दूसरी पारी में तो वह सिर्फ 6 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 9 गेंदों का सामना किया। इसमें 6 बार तो उन्होंने जिस तरह से गेंदों को खेला, उससे लगा कि वह खुद ही तय नहीं थे कि गेंद कैसी आ रही है और वह उसे खेलना किधर है। अंत में ब्राइडन कार्स की गेंद पर वह एलबीडबल्यू हुए।

मांजरेकर ने कहा कि उनके संशय में होने का कारण कहीं न कहीं एक दिन पहले मैदान पर दोनों टीमों के बीच हुआ विवाद भी रहा। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'शुभमन अचानक ही अनिश्चित से दिखने लगे और इसके इंग्लैंड की तरफ से खराब रुख राह जिसके कारण विवाद पैदा हुआ था। ' मांजरेकर ने इस क्रिकेटर के टेंपरामेंट की तुलना विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी से करते हुए कहा कि विराट गुस्से में और बेहतर प्रदर्शन करते थे वहीं धोनी इससे अलग थे। ऐसे में अब शुभमन को फैसला करना ही होगा कि एक बल्लेबाज के तौर पर वह क्या चाहते हैं और किस प्रकार से बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

# रेसलर ऑर्टन निभाना चाहते हैं बैटमैन की भूमिका

**सेन डियागो (एजेंसी)।** डब्लयूडब्यूई के कई स्टार सुपरहीरो बने हैं। उसी में अब डब्लयूडब्यू ई स्टार रैंडी ऑर्टन का नाम भी जुड़ने जा रहा है। ऑर्टन अब जेम्स गन की जगह पर डीसीयू में बैटमैन की भूमिका निभाते दिखेंगे। ऑर्टन ने सोशल मीडिया पर कहा है कि वह बैटमैन की भूमिका निभाने तैयार हैं। जिसमें द रॉक ब्लैक एडम बने और जॉन सीना पीसमेकर बने हैं। डेव बाटिस्टा गार्डियन ऑफ गैलेक्सी में ड्रेक्स की भूमिका में दिखेंगे। ऑर्टन आमतौर पर विलेन की भूमिका निभाते हैं। उनकी भूमिका बैटमैन से काफी मिलती है। उनकी आवाज और



पर्सनालिटी भी बैटमैन की भूमिका के अनुरुप है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में पूछा गया था, आपके हिसाब से जेम्ल गन की डीसीयू में बैटमैन की भूमिका किसे निभानी चाहिये? इसके जवाब में ऑर्टन ने कहा कि वे इस भूमिका के लिए तैयार हैं। डब्लयूडब्यू के कई स्टार्स पहले भी सुपरहीरो की दुनिया में जा चुके हैं। रैंडी ऑर्टन इसमें भी अंधेरे में रहकर काम करते हैं। ऑर्टन की आवाज प्रभावशाली है। उनकी पर्सनालिटी भी अच्छी है। इसलिए प्रशंसक रैंडी को बैटमैन की भूमिका में पसंद कर सकते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या रैंडी ऑर्टन को बैटमैन का रोल मिलता है या नहीं। अगर उन्हें यह भूमिका मिलती है तो वह डब्ल्यूडब्यलूई के एक और स्टार होंगे।

## 114 वर्षीय एथलीट फौजा सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत, पीएम मोदी ने जताया दुख

जालंधर - जाने-माने मैराथन धावक फौजा सिंह की एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक घातक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। यह हादसा दोपहर में जालंधर के पास फौजा के गृहग्राम ब्यास पिंड में हुआ। वह 114 वर्ष के थे। उनकी मौत पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख प्रगट किया है। जानकारी के अनुसार 14 जुलाई दोपहर करीब 3-30 बजे सड़क पार करते समय सिंह को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाद में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उन्हें प्यार से 'टर्बन्ड टॉरनेडो' कहा जाता था और उनका जन्म 1 अप्रैल, 1911 को जालंधर में हुआ था। फौजा ने 89 वर्ष की आयु में मैराथन दौड़ना शुरू करके वैश्विक ख्याति प्राप्त की। उन्होंने 100 वर्ष की आयु में 2011 टोरंटो वाटरफ्रंट मैराथन पूरी करके पूर्ण मैराथन पूरी करने वाले सबसे वृद्ध व्यक्ति होने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने कई आयु-वर्ग के रिकॉर्ड तोड़े और 101 वर्ष की आयु तक प्रतिस्पर्धात्मक रूप से दौड़ते रहे।




**पीएम मोदी ने जताया दुख** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फौजा सिंह की मौत पर एक्स पर लिखा, 'फौजा सिंह जी अपने अद्वितीय व्यक्तित्व और फिटनेस जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भारत के युवाओं को प्रेरित करने के अपने तरीके के कारण असाधारण थे। वह अविश्वसनीय दृढ़ संकल्प वाले एक असाधारण एथलीट थे। उनके निधन से दु:ख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दुनिया भर में उनके अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं।'

## पीसीबी में करोड़ों के घोटाले का खुलासा हुआ

लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में विवाद कोई नई बात नहीं है। वहीं इसमें अब एक और नया मामला जुड़ गया है। एक ऑडिट रिपोर्ट में बढ़े वित्तीय घोटाले की बात सामने आयी है। इसमें खुलासा हुआ है कि 2023 के दौरान करोड़ों रुपयों का घोटाला हुआ। इसके अलावा कई अनधिकृत नियुक्तियां हुईं और जरूरत से ज्यादा भुगतान किये गये। पुलिस के भोजन, कोच और मैच अधिकारियों को दी गयी रकम में भी हैराफेरी हुई। इसके अलावा टिकट अनुबंधों में भी सही बोली नहीं लगाई गई। इस रिपोर्ट के बाद पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। वह भी इसकी जांच के घेरे में हैं। इसके अलावा 2023 में पीसीबी के चेयरमैन रहे अशरफ भी संदे के घेरे में आ गये हैं। पथे। एक रिपोर्ट के अनुसार मुख्य तौर पर अंतरराष्ट्रीय मैचों की सुरक्षा ड्यूटी के दौरान भोजन उपलब्ध कराने के लिए पुलिस को दिए गए 63.39 मिलियन पाकिस्तानी रुपये में हेराफेरी हुई। रिपोर्ट में कराची हाई परफॉर्मेंस सेंटर में तीन अंडर-16 कोचों की अवैध वनियुक्ति की भी बातें कही गयी हैं। है। इसमें 5.4 मिलियन रुपये का वेतन भुगतान किया गया है जो तय सीमा से कहीं अधिक है।

# बशीर के खिलाफ जोखिम उठाकर आक्रामक शॉट खेल सकते थे जडेजा : कुंबले

**लंदन (एजेंसी)।** नई दिल्ली - भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा को स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ मोहम्मद सिराज को स्ट्राइक देने की जगह खुद जोखिम उठाकर आक्रामक शॉट खेलना चाहिए था।

जडेजा के साथ पुछल्ले बल्लेबाजों के संघर्ष से भारत मैच में वापसी करने में काफी हद तक सफल रहा लेकिन उसे 22 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। कुंबले को इस मैच ने चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट की याद दिला दी जिसमें सचिन तेंदुलकर ने पीठ दर्द के बावजूद 136 रन की पारी खेली लेकिन भारतीय टीम को 12 रन से हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में ऑफ स्पिनर सकलैन मुश्ताक द्वारा जवागल श्रीनाथ का आउट होना सोमवार को सिराज के स्टंप्स की गिल्लियों को गिराने वाली गेंद के समान था।

चेन्नई में जनवरी 1999 में खेले गये उस टेस्ट मैच में टीम का हिस्सा रहे कुंबले ने 'जियोहॉटस्टार' पर कहा, 'मुझे इस मैच को देखकर चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ खेला गया टेस्ट मैच याद आ गया, जिसमें हम 12 रन से हार गए थे। (सिराज का आउट होना) कुछ वैसा ही था। टीम लक्ष्य से सिर्फ 22 रन दूर थी। जडेजा एक छोर पर बस खड़े रहे। मेरा मतलब है, वह भारत को जीत के इतने करीब लाने की योजना में सफल रहे लेकिन इंग्लैंड ने कोई ढिलाई नहीं बरती।'

जडेजा ज्यादातर ओवर की चौथी या पांचवीं गेंद पर एक रन चुरा रहे थे, लेकिन कुंबले का मानना है कि उन्हें कम गति के गेंदबाजों के खिलाफ जोखिम उठाना चाहिए था। कुंबले ने कहा, 'उन्हें उन गेंदबाजों का चयन करना चाहिए थे जिसके खिलाफ वह आक्रामक रूख अपना सकते थे। क्रिस वोक्स , जो रूट और बशीर ऐसे गेंदबाज थे। बशीर और रूट भले ही ऑफ स्पिनर है लेकिन उनकी गेंद बहुत ज्यादा टर्न नहीं ले रही थी।'

उन्होंने कहा, 'अगर किसी को जोखिम उठाना था तो वह जडेजा ही थे जिन्हें ऐसा करना चाहिए था। उन्होंने बुमराह और सिराज के साथ बल्लेबाजी के दौरान अपने पास ज्यादा स्ट्राइक रखकर अच्छा काम किया लेकिन सिराज को बशीर का पूरा ओवर खेलने के लिए देना जोखिम भरा था। उन्हें इसकी जगह खुद ही आक्रामक रुख अपनाना चाहिए थे।' कुंबले ने जडेजा की नाबाद 61 रन की जुझारू पारी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने जीत के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को 170 रन पहुंचा कर लगभग चमत्कार कर दिया था।

कुंबले ने कहा, 'वह पूरे समय बेहतरीन रहे। वह दिन के छठे ओवर में ही बल्लेबाजी के लिए आ गए थे और आखिर तक नाबाद रहे। बुमराह और सिराज के साथ 82 पर 7 विकेट गिरने के बाद स्कोर को दोगुना करना अविश्वसनीय है।' उन्होंने कहा, 'उनकी बल्लेबाजी देखकर टीम के अन्य बल्लेबाज खुद के प्रदर्शन से निराश होंगे। भारत को दोनों पारियों में लगभग 65 अतिरिक्त रन देना भी भारी पड़ा। यह चर्चा का एक बड़ा विषय होगा।'

कुंबले ने कहा कि जोफ्रा आर्चर की गेंद कंधे पर लगने से सिराज थोड़े असहज हो गए और उनका ध्यान थोड़ा भंग हो गया। उन्होंने कहा, 'सिराज की गेंदबाजों पर हावी होने की कोई योजना नहीं थी लेकिन उनके आस-पास क्षेत्ररक्षकों के जमावड़े से वह थोड़े दबाव में आ गये। मुझे लगा कि यह एक ऐतिहासिक जीत हासिल करने का शानदार मौका था।' कुंबले ने लॉर्ड्स टेस्ट को 'टेस्ट क्रिकेट का शानदार प्रचार' करार दिया। उन्होंने आगे कहा, 'तीनों टेस्ट मैच बेहद रोमांचक रहे और दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड की टीम श्रृंखला में 2-1 से आगे है लेकिन अगर आप हर सत्र के प्रदर्शन को देखें तो यह बराबरी मुकाबला रहा है।'



## जडेजा 7,000 रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल

लंदन । ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भले ही लॉर्ड्स में अपनी नाबाद 61 रनों की पारी से भारतीय टीम को जीत नहीं दिला पाये पर इस मैच में उन्होंने एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली। जडेजा 7,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गये। इसमें अब तक ऋषभ पंत, सौरव गांगुली, महेंद्र सिंह धोनी और मंसूर अली खान पटौदी जैसे खिलाड़ी शामिल थे। इस अनुभवी ऑलराउंडर ने अपने 7,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे किए। 361 अंतरराष्ट्रीय मैचों की 302 पारियों में पूरे किये। इस दौरान उन्होंने चार शतक और 39 अर्द्धशतक लगाये। उन्होंने 33.41 के औसत से 7,018 रन बनाए हैं और इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175 रनों का रहा। 83 टेस्ट मैचों में उन्होंने 36.97 की औसत से 3,697 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और 26 अर्द्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175 रन रहा है। इस श्रृंखला के दौरान तीन मैचों में उन्होंने छह पारियों में 109.00 की औसत से 327 रन बनाए हैं जिसमें चार अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 89 है। वह अब तक सीरीज में पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

# मुंबई में टेस्ला का पहला एक्सपीरियंस सेंटर खुला

**- भारत में निवेश की उम्मीदें बढ़ी**

**मुंबई ।**

इलेक्ट्रिक कार निर्माता टेस्ला ने मंगलवार को मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में भारत का पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' शुरू किया। इस मौके पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने टेस्ला से भारत में अनुसंधान, विकास और विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने का आग्रह किया। फडणवीस ने कहा` कि हम चाहते हैं कि टेस्ला अपने अनुसंधान और निर्माण की प्रक्रिया भारत में ही करे। महाराष्ट्र इस यात्रा में उसका भागीदार बनने को तैयार है। उन्होंने कहा कि मुंबई में पहला सेंटर खोलना राज्य और शहर पर टेस्ला के विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा` कि मुंबई केवल वित्तीय और मनोरंजन की राजधानी नहीं, बल्कि नवाचार और उद्यमशीलता का केंद्र भी है। टेस्ला का यह एक्सपीरियंस सेंटर पारंपरिक कार शोरूम से अलग है और ग्राहकों को टेस्ला की कारों और तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करता है। यह सेंटर कंपनी के उत्पादों और इनोवेशन को सामने लाने का खास मंच होगा। इसके अलावा, टेस्ला इंडिया ने मुंबई के लोढ़ा लॉजिस्टिक्स पार्क में 24,565 वर्ग फुट का वेयरहाउस पांच साल के लिए लीज पर लिया है, जो उसके भारत में बढ़ते कदमों का संकेत है। हालांकि, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने जून में कहा था कि टेस्ला फिलहाल भारत में कार निर्माण की इच्छुक नहीं है, लेकिन देश में शोरूम खोलने पर ध्यान दे रही है।




# डेयरी सेक्टर खुला तो 8 करोड़ किसानों को हो सकता है 1 लाख करोड़ का घाटाः एसबीआई रिसर्च

**भारत ने अमेरिकी मांग के अनुसार डेयरी और कृषि उत्पादों पर शुल्क में छूट देने से किया इनकार**

**नई दिल्ली ।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता अंतिम दौर में है, लेकिन कुछ प्रमुख मुद्दों पर अब भी सहमति नहीं बन सकी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, समझौते का मसौदा लगभग तैयार है, लेकिन कृषि और डेयरी उत्पादों को लेकर मतभेद बने हुए हैं। भारत ने अमेरिकी मांग के अनुसार डेयरी और कृषि उत्पादों पर शुल्क में छूट देने से इनकार कर दिया है। भारत ने आज तक किसी भी व्यापारिक साझेदार को डेयरी क्षेत्र में रियायत नहीं दी है। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक रिसर्च रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें अमेरिका को डेयरी सेक्टर में प्रवेश देने से भारत को होने वाले संभावित लाभ और हानियों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार अगर भारत कृषि और डेयरी सेक्टर को अमेरिका के लिए खोलता है, तो इससे कुछ क्षेत्रों में लाभ की संभावना है। अमेरिका में उच्च मूल्य वाले उत्पादों जैसे ऑर्गेनिक फूड, मसाले, आम, लीची, केले और भिंडी की भारी मांग है। फिलहाल भारत इन उत्पादों का सालाना निर्यात 1 अरब डॉलर से भी कम करता है, लेकिन यह बढ़कर 3 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इसके अलावा यदि अमेरिका भारत के आयुष और जेनेरिक दवाओं पर लगे गैर-शुल्क प्रतिबंध हटाता है, तो इन क्षेत्रों में 1-2 अरब डॉलर का अतिरिक्त निर्यात संभव है। वीजा नियमों में ढील और आउटसोर्सिंग पर सहयोग से भारतीय आईटी और सेवा क्षेत्र को भी बड़ा लाभ मिल सकता है। वहीं, अमेरिका से कोल्ड स्टोरेज, लॉजिस्टिक्स और प्रिसिशन फार्मिंग जैसे क्षेत्रों में निवेश आने की उम्मीद है। हालांकि, यह समझौता भारतीय डेयरी किसानों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। अमेरिका में डेयरी सेक्टर को भारी सब्सिडी मिलती है, जिससे वहां के उत्पाद काफी सस्ते होते हैं। यदि भारत इस सेक्टर को खोलेगा, तो सस्ते अमेरिकी उत्पाद भारतीय बाजार में आ सकते हैं, जिससे घरेलू दूध की कीमतों में 15 से 25 फीसदी तक की गिरावट संभव है। एसबीआई की रिपोर्ट बताती है कि यदि दूध की कीमतों में 15 फीसदी की गिरावट आती है, तो कुल डेयरी राजस्व में 1.8 लाख करोड़ की कमी आ सकती है। किसानों की इसमें 60 फीसदी हिस्सेदारी मानें, तो किसानों को सालाना ₹.03 लाख करोड़ तक का नुकसान हो सकता है।

# अमेरिकी दबाव के बावजूद चीन की जीडीपी ने लगाई 5.2 फीसदी की छलांग



**- विश्लेषकों के 5.1 फीसदी के अनुमान से थोड़ा बेहतर रही**

**बीजिंग ।**

चीन की अर्थव्यवस्था ने अप्रैल से जून (दूसरी तिमाही) के बीच 5.2 फीसदी की सालाना वृद्धि दर्ज की है, जो विश्लेषकों के 5.1 फीसदी के अनुमान से थोड़ा बेहतर रही। यह जानकारी मंगलवार को चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा जारी की गई। विश्लेषकों को उम्मीद थी कि देश की आर्थिक रफ्तार पहली तिमाही के मुकाबले थोड़ी धीमी हो सकती है, लेकिन नतीजे ने बाज़ार को हैरानी में डाल दिया। चीन की जीडीपी में दूसरी तिमाही में सालाना वृद्धि 5.2 फीसदी जबे कि पहली तिमाही में 5.4 फीसदी रही, दूसरी तिमाही में 1.1 फीसदी, तिमाही वृद्धि अनुमान~ 0.9 फीसदी, पिछली तिमाही की तिमाही वृद्धि 1.2 फीसदी रही। चीन ने साल 2025 के लिए लगभग 5 फीसदी की आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य रखा है, और अभी तक के आँकड़ों के अनुसार देश उस दिशा में आगे बढ़ रहा है। चीन की यह मजबूती पूरी तरह से नीतिगत सहायता, विनिर्माण और निर्यात में स्थिरता और अमेरिका के साथ चल रहे व्यापार तनाव में अस्थायी राहत के कारण मानी जा रही है।

लेकिन विश्लेषक यह भी चेतावनी दे रहे हैं कि वर्ष की दूसरी छमाही में हालात और चुनौतियाँ गंभीर हो सकती हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि चीन को आगे आर्थिक रफ्तार बनाए रखने के लिए घरेलू मांग को मज़बूत करना, उद्योगों को सब्सिडी व समर्थन देना और रियल एस्टेट संकट से बाहर निकलने की रणनीति बनानी होगी।

# मेटा ने 1 करोड़ अकाउंट किए बंद

**नई दिल्ली ।**

डिजिटल कंटेंट से कमाई करने वालों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने फेसबुक पर गैर-मौलिक (कॉपी-पेस्ट) कंटेंट शेयर करने वाले यूजर्स पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मेटा ने अब तक 1 करोड़ से ज्यादा अकाउंट बंद कर दिए हैं, जिन पर दूसरों के कंटेंट को बिना अनुमति के इस्तेमाल करने का आरोप है। इसके अलावा 5 लाख ऐसे अकाउंट भी हटाए गए हैं, जो स्पैम या नकली गतिविधियों में लिप्त थे। मेटा की नई नीति के तहत अब फेसबुक पर वही कंटेंट मोनेटाइज होगा जो मौलिक और यूजर द्वारा खुद तैयार किया गया हो। जो यूजर बार-बार किसी दूसरे के टेक्स्ट, फोटो या वीडियो को कॉपी कर पोस्ट करेंगे, उनका मोनेटाइजेशन बंद कर दिया जाएगा। साथ ही उनकी पोस्ट की रीच और डिस्ट्रिब्यूशन भी घटा दी जाएगी। कंपनी की कोशिश है कि प्लेटफॉर्म पर केवल असली और रचनात्मक कंटेंट को बढ़ावा दिया जाए। इस दिशा में मेटा ने यूट्यूब की तर्ज पर एक नया सिस्टम भी टेस्ट करना शुरू किया है, जो डुप्लीकेट वीडियो की पहचान करेगा और ऑडियंस को मूल कंटेंट क्रिएटर का लिंक दिखाएगा। हालांकि, मेटा ने स्पष्ट किया है कि जो यूजर्स किसी और के कंटेंट पर रिएक्शन, व्याख्या या अपनी राय जोड़कर वीडियो बनाते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी। यानी जो लोग किसी ट्रेंड में हिस्सा ले रहे हैं या शिक्षाप्रद/मनोरंजक कमेंट्री कर रहे हैं, वे इस नीति के दायरे में नहीं आएंगे।




# मोदी सरकार के कार्यकाल में महंगाई दर 5 प्रतिशत,

**बीते 11 सालों में**

**नई दिल्ली।**

भारत में खुदरा महंगाई दर बीते 11 वर्षों में 5 प्रतिशत के आसपास रही है, लेकिन हाल के महीनों में इसमें तेज गिरावट दर्ज हुई और जून 2025 में गिरकर 2.1 प्रतिशत पर आ गई है। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में औसत महंगाई दर 5.1 प्रतिशत रही है, जो कि यूपीए के कार्यकाल में 8.1 प्रतिशत रहती थी। सरकारी डेटा के मुताबिक, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए के कार्यकाल में जनवरी 2012 से लेकर अप्रैल 2014 तक के 28 महीनों में से 22 महीनों में महंगाई दर 9 प्रतिशत से अधिक रही थी। मनमोहन सरकार-2 के आखिरी तीन वर्षों में देश में खुदरा महंगाई दर औसत 9.8 प्रतिशत रही थी, जबकि उस समय वैश्विक स्तर पर महंगाई 4-5 प्रतिशत के बीच थी। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ज्यादा समय खुदरा महंगाई दर 5 प्रतिशत से कम रही है और कभी भी महंगाई ने 8 प्रतिशत से ऊपर का स्तर नहीं छूआ है। खुदरा महंगाई दर जून 2025 में घटकर 2.1 प्रतिशत हो गई है। इसमें बीते महीने के मुकाबले 0.72 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। मई में यह 2.82 प्रतिशत थी। जून 2025 में रिकॉर्ड की गई खुदरा महंगाई दर जनवरी 2019 के बाद रिटेल मुद्रास्फीति का सबसे न्यूनतम आंकड़ा है। मंत्रालय के डेटा के अनुसार, बीते महीने में ग्रामीण स्तर पर खुदरा महंगाई दर 1.72 प्रतिशत रही है, जबकि शहरी स्तर पर खुदरा महंगाई दर 2.56 प्रतिशत रही है। इस महीने के दौरान महंगाई में मजबूत गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, दालों, मांस और मसालों की कीमतों में गिरावट के कारण हुई है। इस बीच, रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने हाल ही में कहा कि आरबीआई ने 2025-26 के लिए अपने महंगाई दर अनुमान को भी 4 प्रतिशत के पूर्व अनुमान से घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) महंगाई दर अब 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें महंगाई दर पहली तिमाही में 2.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 3.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## रुपया बढ़त के साथ बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को आठ पैसे की बढ़त के साथ ही 85.84 रुपये पर बंद हुआ। आज सुबह विदेशी मुद्रा के मुकाबले डॉलर के कमजोर रुख और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.92 पर स्थिर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि विदेशी पूंजी की निकासी और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के परिणाम को लेकर जारी अनिश्चितता के कारण घरेलू मुद्रा में वृद्धि नहीं हो पाई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.97 पर खुला। फिर 85.92 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के बराबर है। रुपया सोमवार को 12 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.92 पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 फीसदी की गिरावट के साथ 98.04 पर आ गया।




## रिलायंस ने नेपाल में लांच किया 'कैम्पा' ब्रांड

**नई दिल्ली ।** लायंस इंडस्ट्रीज की उपभोक्ता इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने अपने लोकप्रिय शीतल पेय ब्रांड 'कैम्पा' को नेपाल में लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इसके लिए नेपाल के एक अग्रणी कारोबारी के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। हाल ही में जारी एक संयुक्त बयान में दोनों कंपनियों ने घोषणा की कि यह साझेदारी नेपाल के बाजार में 'कैम्पा' को सफलतापूर्वक स्थापित करने के उद्देश्य से की गई है। इस पहल के माध्यम से रिलायंस नेपाल में अपने उपभोक्ता उत्पादों की उपस्थिति को मजबूत करना चाहती है। आरसीपीएल के कार्यकारी ने कहा कि हम चौधरी ग्रुप के साथ साझेदारी कर नेपाल में प्रवेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। हमें विश्वास है कि 'कैम्पा' ब्रांड नेपाल के उपभोक्ताओं को ताजगी और बेहतरीन स्वाद प्रदान करेगा। चौधरी ग्रुप के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि यह साझेदारी हमारी उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले पेय उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## ईपीएफओ ने बदले पीएफ निकासी के नियम, घर खरीदने वालों को बड़ी राहत

**- अब ईपीएफ सदस्य अपने खाते से निकाल सकते हैं 90 फीसदी तक की राशि**




**नई दिल्ली ।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने भविष्य निधि (पीएफ) निकासी के नियमों में बड़ा बदलाव किया है, जिससे घर खरीदने या बनाने की योजना बना रहे कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी। अब ईपीएफ सदस्य अपने खाते से 90 फीसदी तक की राशि निकाल सकते हैं, जबकि पहले यह सीमा कम थी। यह सुविधा पहला घर खरीदने, नया घर बनवाने या होम लोन की ईएमआई चुकाने के लिए ली जा सकती है। पहले इस लाभ के लिए कम से कम 5 साल की सेवा जरूरी थी, लेकिन नए नियमों के अनुसार अब केवल 3 साल की सेवा के बाद भी यह सुविधा उपलब्ध है। यह लाभ जीवन में सिर्फ एक बार लिया जा सकता है और इसे ईपीएफ स्कीम 1952 के पैरा 68-बीडी के तहत लागू किया गया है। ऑनलाइन क्लेम प्रक्रिया को भी सरल बना दिया गया है। अब बैंक चेक या पासबुक की स्कैन कॉपी अपलोड करने की आवश्यकता नहीं होगी। बैंक खाता आधार ओटीपी के माध्यम से ही सत्यापित हो जाएगा और नियोक्ता की भूमिका खत्म कर दी गई है। यदि कोई सदस्य बैंक खाता बदलना चाहता है, तो नया खाता नंबर और आईएफएससी कोड डालकर ओटीपी से सत्यापन किया जा सकता है। इसके साथ ही ऑटो-सेटलमेंट की सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया गया है, जिससे कर्मचारियों को 72 घंटे के भीतर तेज भुगतान संभव हो सकेगा।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 317 , निफ्टी 113 अंक उछला**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 317 अंकों की बढ़त के साथ ही 82,570.91 अंकों पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई पर निफ्टी भी 113 अंक बढ़कर 25,195.80 पर बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान निफ्टी पर हीरो मोटोकॉर्प, सन फार्मा, बजाज ऑटो, अपोलो हॉस्पिटल्स, बजाज फिनसर्व के शेयरों में उछाल आया जबकि एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी लाइफ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, इटरनल (जोमेटो) और टाटा स्टील के शेयर गिरे।

आज कारोबार के दौरान धातु को छोड़कर, बाकी सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। दूसरी ओर फार्मा, ऑटो, पीएसयू बैंक, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, आईटी, रियल्टी में 0.5-1 फीसदी की बढ़त रही। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.5-0.5 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। वहीं जापानी उपभोक्ता क्षेत्र की कंपनियों के संभावित 1.1 अरब डॉलर के निवेश की खबरों के बाद से ही यस बैंक के शेयरों में 3.3 फीसदी की तेजी आई, जिससे बैंक की हिस्सेदारी बढ़कर 25 फीसदी हो सकती है। पिछले सत्र में वैश्विक व्यापार तनाव, विदेशी पूंजी निकासी और टैरिफ संबंधी चिंताओं के कारण सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार चौथे सत्र में गिरावट दर्ज की गई थी।




इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुला। सेंसेक्स 181 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 82,418.21 पर जबकि निफ्टी 0.22 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 25,137.10 पर खुला। आज एनएसई पर 3,015 शेयरों में ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,968 शेयर तेजी के साथ बंद हुए। वहीं 961 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इसके अलावा 86 शेयरों की कीमत में अंतर नहीं आया। वहीं एशियाई बाज़ार मंगलवार को बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। निवेशकों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ़ पर बदलते रुख़ से जुड़ी अनिश्चितता को नज़रअंदाज़ कर दिया और अपना ध्यान चीन के आर्थिक आंकड़ों पर केंद्रित कर दिया। जापान का निक्केई इंडेक्स 0.4 3 फीसदी और व्यापक टॉपिक्स सूचकांक में 0.3 फीसदी चढ़कर कारोबार कर रहा था। कोस्पी में 0.29 3 फीसदी और एएसएक्स 200 में 0.6 3 फीसदी की वृद्धि हुई। अमेरिकी बेंचमार्क इंडेक्स सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 0.14 3 फीसदी बढ़कर 6,268.56 पर, नैस्डैक कंपोजिट 0.27 3 फीसदी बढ़कर 20,640.33 पर और डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.20 3 फीसदी बढ़कर 44,459.65 पर बंद हुआ।

## नैसकॉम ने लॉन्च किया 'यूएस सीईओ फोरम'

**न्यूयॉर्क ।** भारत-अमेरिका के बीच प्रौद्योगिकी साझेदारी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से उद्योग संगठन नैसकॉम ने 'नैसकॉम यूएस सीईओ फोरम' की शुरुआत की है। इस मंच का उद्घाटन हाल ही में न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में किया गया। इस मंच का उद्देश्य दोनों देशों के बीच तकनीकी सहयोग, नवाचार और प्रतिभा विकास को बढ़ावा देना है। यह भारत और अमेरिका के अग्रणी प्रौद्योगिकी उद्योगपतियों और नीति निर्माताओं को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहां वे रणनीतिक संवाद और साझेदारी के नए अवसरों पर विचार-विमर्श कर सकेंगे। कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार को इस मंच का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज के सीईओ और प्रबंध निदेशक अमित चड्ढा सह-अध्यक्ष होंगे। भारतीय महावाणिज्य दूत बिनय प्रधान ने इसे समयानुकूल पहल बताते हुए कहा कि यह मंच भारत-अमेरिका प्रौद्योगिकी साझेदारी को नया बल देगा और भविष्य की नेतृत्व क्षमताओं को आकार देगा। नैसकॉम अध्यक्ष राजेश नांबियार के अनुसार, यह मंच एआई, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ प्रौद्योगिकी और भविष्य के कौशल जैसे क्षेत्रों में सहयोग और सह-निर्माण को प्रोत्साहित करेगा। साथ ही, यह मंच डिजिटल नवाचार आधारित पर्यावरण को बढ़ावा देने और सीमा-पार भागीदारी को सुरक्षित एवं मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेगा।

# दक्षिण कोरिया में गूगल यूट्यूब प्रीमियम लाइट लांच करने की तैयारी में

**फेयर ट्रेड कमीशन की आपत्ति के बाद कम हुई गूगल की अकड़**

**सोल।** दक्षिण कोरिया में गूगल यूट्यूब के लिए एक नया, सस्ता सब्सक्रिप्शन प्लान, यूट्यूब प्रीमियम लाइट लांच करने की तैयारी कर रहा है। यह प्लान केवल विज्ञापन-मुक्त वीडियो स्ट्रीमिंग प्रदान करेगा और इसमें यूट्यूब म्यूजिक शामिल नहीं होगा। यह कदम दक्षिण कोरिया के फेयर ट्रेड कमीशन (एफटीसी) द्वारा गूगल की कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं की जांच के बाद आया है। एफटीसी ने आरोप लगाया था कि गूगल ग्राहकों को यूट्यूब प्रीमियम के साथ यूट्यूब म्यूजिक को बंडल करके उन लोगों के विकल्पों को सीमित कर रहा है जो केवल विज्ञापन-मुक्त वीडियो स्ट्रीमिंग चाहते थे। इससे उपभोक्ता के विकल्प सीमित हो रहे थे और गूगल अपने बाज़ार के प्रभुत्व का दुरुपयोग कर रहा था। यूट्यूब प्रीमियम लाइट की कीमत मौजूदा यूट्यूब प्रीमियम प्लान की लगभग आधी होगी। इस प्लान में केवल विज्ञापन-मुक्त वीडियो स्ट्रीमिंग मिलेगी, इसमें म्यूजिक स्ट्रीमिंग शामिल नहीं होगी। एंड्रॉइड यूजर्स के लिए इसकी मासिक कीमत 6.15 डॉलर (8,500 वॉन) और आईओएस यूजर्स के लिए 7.89 डॉलर (10,900 वॉन) होगी। गूगल ने प्रस्तावित किया है कि वह कम से कम एक साल के लिए यूट्यूब प्रीमियम लाइट और यूट्यूब प्रीमियम दोनों की कीमतों को स्थिर रखेगा।

**आगे क्या होगा?**

एफटीसी गूगल के प्रस्ताव को स्वीकार करने या न करने पर अंतिम निर्णय लेने से पहले 14 अगस्त तक संबंधित मंत्रालयों और हितधारकों से चर्चा करेगा। यदि एफटीसी प्रस्ताव को स्वीकार करता है, तब गूगल इस साल के अंत तक यूट्यूब प्रीमियम लाइट योजना शुरू करने की योजना बना रहा है। कोरियाई संगीत उद्योग के लिए समर्थन~ गूगल ने घोषणा की है कि वह कोरियाई संगीत उद्योग के विकास का समर्थन करने के लिए 15 बिलियन वॉन का एक फंड बनाएगा। इस फंड का उपयोग नए कलाकारों को खोजने और विदेशी संगीत समारोहों में उनकी भागीदारी में मदद करने के लिए किया जाएगा।

## जुलाई सीरीज़ में एफआईआई की आक्रामक बिकवाली

**- जुलाई सीरीज में बेचे 68,000 से ज्यादा निफ्टी फ्यूचर्स**

**नई दिल्ली ।** जुलाई सीरीज़ की शुरुआत से अब तक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) इंडेक्स फ्यूचर्स खासकर निफ्टी फ्यूचर्स में आक्रामक बिकवाली कर रहे हैं। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) डेटा के मुताबिक एफआईआई ने अब तक कुल 16,844.97 करोड़ की शुद्ध बिकवाली की है। यह आंकड़ा 11 ट्रेडिंग सत्रों में सामने आया है और इसमें निफ्टी, बैंक निफ्टी और मिडकैप फ्यूचर्स के कुल 87,554 कॉन्ट्रैक्ट शामिल हैं। निफ्टी फ्यूचर्स में सबसे अधिक दबाव देखा गया, जहां एफआईआई ने 68,622 कॉन्ट्रैक्ट्स की शुद्ध बिकवाली की, जो कुल बिकवाली का 78 फीसदी है। इसी अवधि में निफ्टी फ्यूचर्स में ओपन इंटरेस्ट में 47 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जो शॉर्ट पोजिशन के निर्माण का संकेत देता है। नतीजतन एनएसई निफ्टी 50 इंडेक्स 1.8 फीसदी तक गिरा है। एफआईआई का लॉन्ग-शॉर्ट रेशियो घटकर 0.22 हो गया है, यानी हर एक लॉन्ग पोजिशन पर लगभग 5 शॉर्ट पोजिशन हैं। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि अगर निफ्टी 24,900 के स्तर को बनाए रखता है, तो बाजार को राहत मिल सकती है।

## टाटा टेक्नोलॉजीज का पहली तिमाही में मुनाफा बढ़कर 170 करोड़ पहुंचा

**- एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी का मुनाफा 1,268.97 करोड़ रुपए था**

**नई दिल्ली ।** टाटा टेक्नोलॉजीज का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) का मुनाफा सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 170.28 करोड़ रुपए रहा है। टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (टीटीएल) ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 162.03 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 1,244.29 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,268.97 करोड़ रुपए था। वैश्विक उत्पाद इंजीनियरिंग और डिजिटल सेवा कंपनी ने कहा कि उसका कुल खर्च सालाना आधार पर 1,072.33 करोड़ रुपए से मामूली बढ़कर 1,080.11 करोड़ रुपए हो गया। टीटीएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि तिमाही की शुरुआत सतर्कता के साथ हुई, लेकिन आगे चलकर ग्राहकों का भरोसा लगातार मजबूत होता गया, जिससे उत्पाद नवाचार और डिजिटल बदलाव के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धताओं की पुष्टि हुई।



# हिंदी फिल्में बस पैसों पर टिकीं, संजय दत्त को अब साउथ सिनेमा में दिलचस्पी

शिल्पा शेट्टी और ध्रुव सरजा गुरुवार को मुंबई में अपनी आगामी कन्नड़ फिल्म केडी–द डेविल का टीजर लॉन्च करने के लिए एक इवेंट में शामिल हुए। वहां प्रेस से बात करते हुए संजय दत्त ने खुलकर बताया कि वह बॉलीवुड की बजाय साउथ की फिल्में ज्यादा क्यों चुन रहे हैं और कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में अब जुनून की कमी है। संजय दत्त से पूछा गया कि टॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के बाद अब उन्हें क्या अलग लगता है, तो उन्होंने कहा कि वो जुनून खत्म हो गया है। बॉलीवुड में अब जुनून की कमी है। उन्होंने कहा, मैं टॉलीवुड से वह जुनून वापस लेना चाहता हूं जो बॉलीवुड ने खो दिया है। और मुझे उम्मीद है कि यह वापस आएगा। यही वह चीज है जिसकी मुझे अपने देश में कमी खलती है, एक अच्छी फिल्म बनाने का जुनून। उन्होंने आगे कहा, जानते हैं, यह नंबर्स के बारे में नहीं है। बॉलीवुड में सब कुछ पैसे के बारे में है। लेकिन यह पैसों के बारे में नहीं होना चाहिए, बल्कि जुनून के बारे में होना चाहिए। संजय दत्त ने इस इवेंट में फिल्म द राजा साब में प्रभास के साथ काम करने के बारे में भी बात की और बताया कि प्रभास ने उन्हें कितना खिलाया है। एक्टर ने कहा, जानते हैं, मैं तेलुगू सीखने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि मैं प्रभास के साथ एक फिल्म कर रहा हूं। मैं द राजा साब नाम की एक फिल्म कर रहा हूं। प्रभास मुझे खूब खिलाते हैं। वह सबसे अद्भुत, बेहतरीन लोगों में से एक और एक बेहतरीन अभिनेता हैं।
बिना किसी के कहे, उन्होंने कहा कि उन्हें चिरंजीवी से प्यार है और बोले, और मुझे चिरंजीवी सर बहुत पसंद हैं। उन्होंने यहां मुन्ना भाई जैसी फिल्में की हैं। मेरा उनके साथ एक खूबसूरत रिश्ता है। भगवान उनका भला करे। बात करते हुए संजय ने नागार्जुन को बहुत करीबी दोस्त, भाई जैसा बताया और राम पोथिनेनी, जिनके साथ उन्होंने डबल आईस्मार्ट (2024) में काम किया था, उनको शानदार कहा।



# मधुर भंडारकर की फिल्म द वाइव्स में मौनी रॉय की एंट्री हुई कन्फर्म

मौनी रॉय अपनी उपलब्धियों के साथ वैश्विक स्तर पर प्रगति कर रही हैं, जिसने उन्हें एक बहुमुखी प्रतिभा के रूप में स्थापित किया है, जिसे नज़रअंदाज़ करना असंभव है। हाल ही में मौनी ने सोशल मीडिया पर मेकअप रूम से एक खूबसूरत तस्वीर साझा की, जिसके बाद फैंस कयास लगाने लगे कि उनका अगला प्रोजेक्ट क्या होगा। अब उन्होंने खुद पुष्टि कर दी है कि उनकी अगली फिल्म मधुर भंडारकर की आने वाली फिल्म 'द वाइव्स' है। इस फिल्म में मौनी रॉय के साथ सोनाली कुलकर्णी, रेजिना कैसंड्रा, अर्जन बाजवा, सौरभ सचदेवा, राहुल भट्ट और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार नजर आएंगे। अपनी कास्टिंग की पुष्टि करते हुए, मौनी ने भी फिल्म निर्माता और क्लैपबोर्ड के साथ एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, इस नई फिल्म का पहला दिन, जिसके लिए मैं बेहद उत्साहित हूं। इस मास्टर फिल्ममेकर मधुर भंडारकर के साथ काम करने का अवसर पाकर आभारी हूं। 'द वाइव्स' में मधुर भंडारकर एक बार फिर अपने अनोखे और निर्भीक फिल्म निर्माण के अंदाज़ में जटिल और संवेदनशील विषय को छूने जा रहे हैं। इस बार, बॉलीवुड की पत्नियों की असल ज़िंदगी पर ध्यान केंद्रित किया गया है, और यह दिखाया गया है कि जब वे चकाचौंध, पैपराज़ी, रेड कार्पेट और हाई–प्रोफाइल पार्टियों से दूर होती हैं, तो क्या होता है। 'फैशन' में फैशन इंडस्ट्री के पीछे की सच्चाई दिखाने के बाद, और 'हिरोइन' में शोहरत की उथल–पुथल भरी दुनिया को सामने लाने के बाद, मधुर भंडारकर अब 'द वाइव्स' के ज़रिए अपनी फिल्म निर्माण की ऊँचाईयों को और ऊपर ले जा रहे हैं। मौनी रॉय के लिए, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक के साथ यह सहयोग उनकी पिछली व्यावसायिक फिल्मों की तुलना में उनकी नाटकीय क्षमता को और अधिक विविध तरीकों से प्रदर्शित करेगा, जो उन्हें भारतीय सिनेमा की बहुमुखी कलाकारों में से एक के रूप में स्थापित करेगा। बिना किसी गॉडफादर की मदद के, टेलीविजन से मुख्यधारा के सिनेमा में उनके सराहनीय परिवर्तन को देखते हुए, द वाइव्स में उनका शामिल होना उनके उभरते करियर में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



# सैयारा को लेकर उत्साहित संदीप रेड्डी

फिल्म सैयारा इसी महीने रिलीज को तैयार है। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी और मोहित सूरी निर्देशित इस फिल्म से दो नए सितारे इंडस्ट्री को मिलने वाले हैं। चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे और अनीत पड्डा उनके अपोजिट नजर आएंगी। फिल्म की रिलीज से पहले संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

## फिल्म देखने के लिए बेकरार


संदीप रेड्डी वांगा ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर फिल्म सैयारा का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा है, पूरी तरह से रोमांस और ड्रामा पर केंद्रित एक हिंदी हार्टलैंड की लव स्टोरी देखने को मिल रही है। इसे पहले दिन देखने का बेसब्री से इंतजार है। नए कलाकारों को शुभकामनाएं। यह पूरी तरह से मोहित सूरी का जादू है।

## कब रिलीज होगी फिल्म?

हाल ही में फिल्म सैयारा का ट्रेलर जारी किया गया, जिसे दर्शकों से काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। यह लव स्टोरी फिल्म है। ट्रेलर में रोमांस, म्यूजिक और इमोशंस से भरी कहानी में एक कपल को दिखाया गया है, जो एक–दूसरे से प्यार तो बेशुमार करते हैं, लेकिन हालात उन्हें दूर कर देते हैं। बता दें कि यह फिल्म 18 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## नेटिजन्स ने मांगा स्पिरिट पर अपडेट

रणबीर कपूर अभिनीत एनिमल फेम डायरेक्टर संदीप रेड्डी वंगा के वर्क फ्रंट की बात करें तो उनकी आगामी फिल्म है स्पिरिट। इसमें एक्टर प्रभास लीड रोल में नजर आएंगे। इसके अलावा तृप्ति डिमरी भी फिल्म का हिस्सा हैं। संदीप रेड्डी वांगा के पोस्ट पर नेटिजन्स रिएक्ट कर रहे हैं और लिख रहे हैं, इस फिल्म को हम भी देखेंगे। लेकिन, हमें स्पिरिट का बेसब्री से इंतजार है। एक अन्य यूजर ने लिखा है, अन्ना स्पिरिट पर अपडेट दो।



# प्यार को ज्यादा गंभीरता से लें, तो यह 'मुश्किल' हो जाता है

अभिनेता शब्बीर अहलूवालिया के रोमांटिक–कॉमेडी टीवी शो 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' की कहानी को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेता ने बताया कि प्यार तभी मुश्किल लगता है, जब आप इसे बहुत गंभीरता से लेने लगते हैं या उससे बहुत ज्यादा उम्मीदें रखने लगते हैं। शब्बीर ने प्यार के बारे में बात करते हुए कहा कि अगर इसे बहुत गंभीरता से लिया जाए, तो यह मुश्किल हो सकता है। सीरियल 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' के संदर्भ में शब्बीर ने कहा, प्यार तभी मुश्किल लगता है, जब आप इसे बहुत गंभीरता से लेते हैं या उससे बहुत ज्यादा उम्मीदें रखते हैं। प्यार तो अपने आप खिलता है। अगर आप इसे स्वाभाविक रूप से होने दें, तो यह बहुत खूबसूरत है। शब्बीर ने शो में अपने किरदार युग और उसकी ऑन–स्क्रीन प्रेमिका कैरी के प्यार पर बात की। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, कैरी के लिए प्यार ज्यादा मुश्किल नहीं है, लेकिन युग को प्यार करना? ओह, अगर मैं कैरी होता, तो शायद ऐसा नहीं करता! शब्बीर ने साल 1999 में 'हिप हिप हुर्रे' से अभिनय की शुरुआत की थी। इसके बाद 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी', 'क्या हादसा क्या हकीकत', 'कहीं तो मिलेंगे', 'काव्यांजलि', 'कसम से', 'कसौटी जिंदगी की', 'लागी तुझसे लगन' और 'कयामत' जैसे सीरियलों में उनके किरदारों ने दर्शकों का दिल जीता। उनके किरदार आज भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाए हुए हैं। जब शब्बीर से पूछा गया कि क्या सोनी सब के 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' में उनका किरदार युग भी पुराने अन्य किरदारों की तरह जादू चला पाएगा, इस पर शब्बीर ने कहा, मुझे उम्मीद है। युग एक ऐसा किरदार है जो आम नहीं है। वह जिंदगी के प्रति नकारात्मक और ज्यादा खुला हुआ नहीं है। पहली नजर में वह आकर्षक नहीं लगता, लेकिन यही उसकी खूबी है। अगर मैं दर्शकों को युग से प्यार करने के लिए मना सकूं, तो यह मेरे लिए बड़ी बात होगी। यह मेरा अब तक का सबसे प्यारा और गहरा किरदार है।

# सन ऑफ सरदार 2 का हिस्सा बनना सपने से कम नहीं है

कूब्रा सैत के लिए सोन ऑफ सरदार 2 का ट्रेलर लॉन्च सिर्फ एक और ग्लैमरस इवेंट नहीं था, बल्कि उनके करियर का एक बेहद खास और पर्सनल माइलस्टोन था। दमदार परफॉर्मेंस और बेबाक किरदारों से अपनी अलग पहचान बना चुकीं कूब्रा पहली बार किसी बड़ी फिल्म के ट्रेलर लॉन्च का हिस्सा बनीं। इस पल को लेकर उन्होंने कहा ये मेरे लिए वाकई बहुत खास है। ये मेरा पहला बड़ा ट्रेलर लॉन्च इवेंट है और इतनी बड़ी फिल्म और शानदार टीम का हिस्सा बनना किसी सपने से कम नहीं है। फिल्म में मेहविश का किरदार निभा रहीं कूब्रा इवेंट में ढोल की बीट्स पर डांस करते हुए एंट्री करती दिखीं—जिससे फिल्म की एनर्जी साफ झलक रही थी। वह अपने बोल्ड लेकिन ग्रेसफुल लुक में काफी खूबसूरत नजर आईं और पूरे कॉन्फिडेंस के साथ यह पल जिया। फ्रेंचाइज़ी की यादों को ताज़ा करते हुए उन्होंने कहा- सोन ऑफ सरदार को रिलीज़ हुए 12 साल हो गए हैं। मैंने भी इसे बाकी लोगों की तरह सिनेमाघर में देखा था। उस वक़्त जो दीवानगी थी, वो अलग ही लेवल की थी। अब जब मैं इसके दूसरे भाग का हिस्सा हूं, तो ये मेरे लिए एक पूरा सर्कल पूरा होने जैसा है। सेट पर बने रिश्तों को लेकर कूब्रा ने कहा- मुझे रोशनी, अश्विनी मैम, शरद सर, चंकी सर और कई और कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला। मृणाल (थाकुर) और अजय सर के साथ स्क्रीन शेयर करना भी बेहद खास रहा। हम साथ में खाते थे, खूब हँसी–मजाक करते थे और ढेर सारी यादें बनाई हैं। अजय देवगन के साथ काम करने को लेकर उन्होंने दिल से कहा- वो एक लीजेंड हैं। लेकिन जो चीज़ उन्हें और खास बनाती है, वो है उनका लोगों को एक साथ लाना। उन्होंने अपने अनुभव को खुले दिल से शेयर किया, जो मेरे लिए बहुत इंस्पायरिंग रहा। भावनाओं से भरे पलों से लेकर दमदार एक्शन तक, सोन ऑफ सरदार 2 एक शानदार सिनेमैटिक अनुभव देने का वादा करती है—और कूब्रा सैत के लिए यह उनकी मेनस्ट्रीम फिल्मी सफर की एक नई और खास शुरुआत है।





# खुशी कपूर के साथ रिश्ते पर वेदांग रैना ने की बात


**वेदांग रैना ने खुशी कपूर के साथ जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज में साथ में काम किया है। तब से ही दोनों एक दूसरे के करीब हैं। दोनों में अच्छी बनती है। कयास लगाए जाते हैं कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं और रिश्ते में हैं। हालांकि दोनों ने ना तो अपने रिश्ते के बारे में कुछ कहा है और ना ही अफवाहों से इंकार किया है। हालांकि अब वेदांग ने खुशी कपूर के साथ खास रिश्ते पर बात की है।**

बातचीत में वेदांग रैना ने खुशी कपूर के साथ अपने रिश्ते पर बात रखी। वह एक फैशन ब्रांड के साथ काम करने वाले हैं। वेदांग ने बताया कि खुशी के साथ काम करना हमेशा मजेदार रहा है। वेदांग ने खुशी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए कहा खुशी के साथ काम करना बहुत मजेदार और अच्छा रहा। हमारे बीच स्वाभाविक सहजता है। हमारा रिश्ता सहज और सच्चा है, यह रिश्ता नए प्रोजेक्ट में दिखाई देता है। किसी ब्रांड का प्रचार करने के बारे में वेदांग ने कहा कि वह इसे लेकर बहुत सतर्क रहते हैं। उन्होंने कहा ऐसा इसलिए क्योंकि यह जरूरी है कि आप जिस ब्रांड के साथ काम करने जा रहे हैं वह प्रमाणिक होना चाहिए ताकि वह बता सके कि मैं कौन हूं। मैं प्रमाणिक जुड़ाव देखता हूं चाहे वह उनका संदेश हो या उनका मूल्य हो। जोया अख्तर की आर्चीज में डेब्यू करने के बाद वेदांग आलिया भट्ट के साथ जिगरा में नजर आए। फिल्म से बहुत उम्मीदें की जा रही थीं, हालांकि यह फिल्म उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी।



# स्वीडन में पैदा हुईं, बॉलीवुड में कमाया नाम; कौन हैं एली अवराम

एक्ट्रेस एली अवराम एक बार फिर चर्चाओं में आ गई हैं। इस बार चर्चे की वजह हैं मशहूर यूट्यूबर–एक्टर आशीष चंचलानी। आशीष चंचलानी ने एली अवराम को गोद में उठाए हुए एक फोटो शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है 'फाइनली'। इसके बाद अब दोनों के एक–दूसरे को डेट करने की चर्चाएं शुरू हो गईं। एली अवराम एक मॉडल और एक्ट्रेस हैं। 29 जुलाई 1990 को स्वीडन में पैदा हुईं एली ने कई भारतीय फिल्मों व रियलटी शोज में काम किया है। एली एक आर्टिस्ट फैमिली से आती हैं। उनके ग्रीक पिता एक मशहूर संगीतकार हैं और उनकी मां एक्ट्रेस रही हैं। एली को बचपन से ही इंडिया का डांस और गाने काफी पसंद आते थे। वो इंडिया से काफी प्रभावित थीं। 2013 में एली ने बॉलीवुड में 'मिकी वायरस' फिल्म से डेब्यू किया। इसमें उनके साथ मनीष पॉल प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद एली कई बॉलीवुड फिल्मों में नजर आईं। इनमें 'किस किसको प्यार करूं', 'जबरिया जोड़ी', 'मलंग', 'गुड बाय' और 'गणपत' जैसी फिल्में शामिल हैं। फिल्मों के अलावा एली कई रियलटी शोज में भी दिदखाई दी हैं। इनमें 'बिग बॉस 7', 'झलक दिखला जा 7' और 'द ग्रेट इंडियन लॉफ्टर चैलेंज' शामिल हैं। एली ने ओटीटी पर भी काम किया है। वो ' 'टाइपराइटर' और 'इनसाइड एज 2' जैसी वेब सीरीज में नजर आई हैं। एली अवराम सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 8.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in